www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 5:54 बजे
सूर्यास्त शाम 6:52 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-222 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • शनिवार 18 अप्रैल 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

# लोकसभा में राहुल का सरकार पर हमला महिला आरक्षण बिल को बताया 'शर्मनाक'

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा, 'यह महिला आरक्षण बिल महिलाओं को सशक्त नहीं बनाएगा। यह शर्मनाक कानून है, पुराना कानून लाओ हम समर्थन देंगे। यह सिर्फ भारत के निर्वाचन क्षेत्र के नक्शे को बदलने के लिए है।

लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने लोकसभा में अपने भाषण में कहा कि यह महिला आरक्षण बिल नहीं है, बल्कि चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश है। राहुल गांधी ने इसे "शर्मनाक कानून" बताते हुए आरोप लगाया कि यह ओबीसी, दलित और महिलाओं के हितों के खिलाफ है।

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर असल मुद्दों से ध्यान भटका रही है और देश की राजनीति में संतुलन बदलना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ओबीसी वर्ग के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है और चुनावी क्षेत्रों में बदलाव कर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

अपने भाषण के दौरान राहुल गांधी ने बिना नाम लिए प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए "जादूगर" शब्द का इस्तेमाल किया, जिस पर सत्ता पक्ष के सांसदों ने कड़ा विरोध जताया। इस पर हंगामा बढ़ गया और स्पीकर ने उनके कुछ शब्दों को कार्यवाही से हटा दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के बयान की निंदा करते हुए इसे प्रधानमंत्री का अपमान बताया।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि सरकार डर रही है कि उसकी राजनीतिक शक्ति कम हो रही है, इसलिए वह परिसीमन के जरिए चुनावी नक्शा बदलना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि पूरा विपक्ष इस विधेयक का विरोध करेगा और इसे पास नहीं होने देगा।

अपने संबोधन में राहुल गांधी ने महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समाज में उनकी भागीदारी बढ़नी चाहिए, लेकिन इसके लिए सही और पारदर्शी कानून जरूरी है। उनके इस बयान के बाद सदन में सियासी माहौल और गर्म हो गया।

**प्रियंका गांधी ने लोकसभा स्पीकर के साथ बैठक की**

प्रियंका गांधी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के साथ मीटिंग की। केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे।

**विपक्ष ने किया विरोध का ऐलान**

राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को साफ कहा कि इंडिया गठबंधन के सांसद इन विधेयकों का विरोध करेंगे और इन्हें लोकसभा में पराजित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि "हमारे लोग संघर्ष कर रहे हैं और हम इन प्रस्तावित कानूनों को हराने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे।"

विपक्ष का कहना है कि 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने से दक्षिण भारत के राज्यों का प्रतिनिधित्व कम हो सकता है। कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने इसे "खतरनाक विधेयक" बताते हुए आरोप लगाया कि इससे विपक्षी दलों को नुकसान होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका विरोध महिला आरक्षण से नहीं, बल्कि परिसीमन प्रक्रिया से है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने लोकसभा में परिसीमन प्रक्रिया को "राजनीतिक नोटबंदी" बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना महिलाओं की आकांक्षाओं को जटिल प्रक्रिया में फंसाने जैसा है। थरूर के अनुसार, महिला आरक्षण पर सभी दल सहमत हैं और इसे मौजूदा सीटों के आधार पर तुरंत लागू किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इसे 2011 की जनगणना और संसद विस्तार से जोड़कर जटिल बना दिया। साथ ही, उन्होंने छोटे-बड़े राज्यों के संतुलन और विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की मांग की।


वहीं सीपीआई सांसद पी. संदोष ने सरकार से सवाल उठाया कि परिसीमन, जनगणना और महिला प्रतिनिधित्व जैसे अहम मुद्दों को एक साथ क्यों जोड़ा जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस पर स्पष्टीकरण देने की मांग की और कहा कि इससे देश के संघीय ढांचे पर असर पड़ सकता है।

दूसरी ओर जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने विपक्ष के रुख पर सवाल उठाते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 सर्वसम्मति से पारित हुआ था, फिर अब विरोध क्यों किया जा रहा है।

इस बीच कांग्रेस ने अपने सांसदों के लिए तीन पंक्ति का व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक सदन में मौजूद रहकर पार्टी के रुख का समर्थन करने का निर्देश दिया है। संसद में जारी इस बहस ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है।

## पूरी संवेदनशीलता के साथ निर्णय लें, पक्ष में मतदान करें : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में संशोधन को लेकर सभी सांसदों से भावनात्मक अपील की है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा कि संसद में इस विधेयक पर देर रात तक चर्चा हुई और सभी शंकाओं का समाधान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जो भी



गलतफहमियां फैलाई गई थीं, उनका तार्किक जवाब दिया गया है और सभी सदस्यों को पूरी जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले चार दशकों से महिला आरक्षण के मुद्दे पर राजनीति होती रही है, लेकिन अब समय आ गया है कि देश की आधी आबादी को उनका अधिकार मिले। उन्होंने यह भी कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी महिलाओं की भागीदारी निर्णय लेने की प्रक्रिया में काफी कम है। उन्होंने सभी दलों से अपील की कि वे संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ फैसला लें और महिला आरक्षण के पक्ष में मतदान करें। पीएम मोदी ने कहा कि देश की लाखों महिलाओं की नजरें संसद पर टिकी हैं, इसलिए ऐसा कोई कदम न उठाया जाए जिससे उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचे।

## TCS नासिक केस: निदा ने कहा- फरार नहीं, अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट पहुंचीं

एजेंसी | मुंबई

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ के नासिक यूनिट से जुड़े विवाद में नया मोड़ आया है। कंपनी की कर्मचारी निदा खान ने साफ किया है कि वह फरार नहीं हैं और इस मामले में उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

निदा खान के वकील के मुताबिक, वह इस समय मुंबई में अपने परिवार के साथ हैं और गर्भवती भी हैं। उन्होंने कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल कर दी है। इससे पहले यह खबरें सामने आई थीं कि वह मामले के बाद से लापता हैं। शुरुआती रिपोर्ट्स में निदा खान को HR हेड बताया गया था, लेकिन बाद में सामने आया कि वह TCS के BPO यूनिट में टेलीकॉलर के रूप में कार्यरत हैं, न कि किसी वरिष्ठ पद पर। इस पूरे मामले में अब तक 8 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोप है कि ये कर्मचारी एक "गैंग जैसे नेटवर्क" के रूप में काम कर रहे थे और 18–25 साल की युवतियों को निशाना बना रहे थे। शिकायतों में धार्मिक उत्पीड़न, जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयास और कर्मचारियों पर खानपान से जुड़े दबाव जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने इसे "गंभीर और चिंताजनक" बताया। उन्होंने कहा कि कंपनी इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## NSA खत्म पर डिब्रूगढ़ जेल में ही रहेंगे अमृतपाल

### जेल से ही होगी सभी मामलों की सुनवाई

एजेंसी | चंडीगढ़



पंजाब के खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह की फिलहाल पंजाब वापसी नहीं होगी। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि उनसे जुड़े सभी मामलों की सुनवाई असम की डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल से ही की जाएगी। अदालत के इस फैसले से राज्य सरकार को राहत मिली है, जिसने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अमृतपाल को पंजाब न लाने की मांग की थी।

अमृतपाल सिंह पर लागू राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम(NSA) के तहत हिरासत की अवधि 22 अप्रैल को समाप्त हो रही है। हालांकि पंजाब सरकार ने इस अवधि को आगे न बढ़ाने का फैसला किया है, लेकिन इसके बावजूद सरकार चाहती है कि उन्हें डिब्रूगढ़ जेल में ही रखा जाए। राज्य सरकार का कहना है कि यदि अमृतपाल को पंजाब लाया गया तो कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है।

सरकार ने अदालत में यह भी स्पष्ट किया कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ कुल 12 मामले दर्ज हैं और NSA समाप्त होने के बावजूद इन मामलों में कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। सरकार ने यह भी अपील की थी कि NSA खत्म होने के बाद भी पंजाब पुलिस उन्हें असम में ही गिरफ्तार करे और वहीं रखा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके।

वहीं, अमृतपाल सिंह के वकील ईमान सिंह खारा ने अदालत में दलील दी कि उन्हें पंजाब लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब अमृतपाल 5 जुलाई 2025 को दिल्ली में शपथ लेने गए थे, तब किसी प्रकार का कानून-व्यवस्था का संकट नहीं पैदा हुआ था। वकील ने यह भी कहा कि सरकार उन्हें अजनाला थाना मामले में गिरफ्तार दिखाने की योजना बना रही है, जैसा पहले उनके साथियों के साथ किया गया था।

खारा ने NSA न बढ़ाए जाने को "पॉजिटिव डेवलपमेंट" बताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में हिरासत खत्म होने की संभावना है और अदालत द्वारा पहले कुछ मामलों को खारिज भी किया जा चुका है।

सूत्रों के मुताबिक, पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर ट्रांसफर ऑफ प्रिजनर्स एक्ट, 1952 और पंजाब संशोधन अधिनियम 2025 के तहत अमृतपाल को डिब्रूगढ़ जेल में रखने की अनुमति मांगी थी। गौरतलब है कि अमृतपाल सिंह को 23 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया गया था, जबकि उनसे जुड़ा मामला 24 फरवरी 2023 को अमृतसर के अजनाला थाने में दर्ज हुआ था। गिरफ्तारी के बाद से ही उन्हें NSA के तहत डिब्रूगढ़ जेल में रखा गया है।

पेज 1 एंकर स्टोरी

अवैध निर्माण पर कार्रवाई

# संभल में 35 फीट ऊंची मस्जिद की मीनार गिराई

एजेंसी | संभल



उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शुक्रवार को प्रशासन ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मस्जिद की करीब 35 फीट ऊंची मीनार को गिरा दिया। यह कार्रवाई मुबारकपुर बंद गांव में दोपहर करीब डेढ़ बजे की गई, जहां पहले से ही अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया चल रही थी।

जानकारी के मुताबिक, सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर बनी पांच दुकानों को बुलडोजर से तोड़ा गया। इसके बाद प्रशासन ने मस्जिद की मीनार को गिराने की कार्रवाई शुरू की। मीनार को गिराने के लिए दो हाइड्रा मशीनों का इस्तेमाल किया गया। एक मजदूर ने मीनार पर चढ़कर रस्सी बांधी, जिसे मशीनों से जोड़कर खींचा गया और कुछ ही देर में मीनार जमींदोज हो गई। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने करीब 700 वर्ग मीटर सरकारी जमीन को चिन्हित किया था। प्रशासन का दावा है कि यह जमीन खाद के गड्ढों और खेल मैदान के लिए आरक्षित थी, जिस पर अवैध निर्माण किया गया था। पहले ही पैमाइश के बाद 15 दिन का नोटिस देकर निर्माण हटाने को कहा गया था।

गौरतलब है कि गांव के प्रधान और इंतजामिया कमेटी ने करीब 20 दिन पहले खुद ही प्रशासन से अवैध निर्माण हटाने की अनुमति मांगी थी। 31 मार्च से दुकानों और मदरसे को हटाने का काम शुरू भी कर दिया गया था, लेकिन मस्जिद का हिस्सा पूरी तरह नहीं हट सका, जिसके बाद प्रशासन ने आगे कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। क्षेत्राधिकारी कुलदीप सिंह की निगरानी में दो थानों की पुलिस और स्पेशल फोर्स के जवान तैनात रहे, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके। जिला अधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि जिले में अब तक सवा सौ हेक्टेयर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सभी अवैध निर्माणों को हटाया जाएगा और जमीन को सुरक्षित रखने के लिए विशेष योजना बनाई जा रही है।

इससे पहले गुरुवार को भी प्रशासन ने विछोली गांव में ईदगाह और इमामबाड़े को अवैध बताते हुए ध्वस्त किया था।

JOURNALIST PREMIER LEAGUE

DUE TO SOME REASONS
THE EVENT HAS BEEN RESCHEDULED.

MATCH REVISED DATES:-

HARYANA VS RAJASTHAN
25TH APRIL, SATURDAY, TAU DEVI LAL STADIUM, PANCHKULA

SEMI-FINAL

PUNJAB VS HIMACHAL
26TH APRIL, SUNDAY, TAU DEVI LAL STADIUM, PANCHKULA

UTTAR PRADESH VS (HARYANA/RAJASTHAN)
2nd MAY, SATURDAY, TAU DEVI LAL STADIUM, PANCHKULA

GRAND FINALE
3RD MAY, SUNDAY, TAU DEVI LAL STADIUM, PANCHKULA

ੴ

"कबीरा जब हम जगत में आए, जग हंसा हम रोए।
ऐसी करनी कर चलो, हम हंसें जग रोए॥"



आपको अत्यंत दुःखी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि
समर न्यूज के डायरेक्टर एवं यूनाइटेड प्रेस क्लब के अध्यक्ष अर्शदीप सिंह समर के पिता

स. परमजीत सिंह जी

14-04-2026 (मंगलवार) को अपनी संसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु चरणों में लीन हो गए

उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब जी का

भोग व अंतिम अरदास

दिनांक: 19-04-2026 (रविवार)

दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक
गुरुद्वारा श्री कलगीधर सिंह सभा, लुधियाना में सम्पन्न होगी

दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु
भोग व अंतिम अरदास में शामिल होने की कृपालता करें

शोकाकुल: समर परिवार
99153-11007

LOCATION

नोट: पार्किंग की व्यवस्था गुरुद्वारा साहिब के सामने स्थित कलगीधर स्कूल में की गई है।

# ईडी छापों को लेकर सीएम मान का केंद्र पर तीखा हमला, कहा- लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है

## 'आप' नेताओं को निशाना बनाकर चुनावी माहौल प्रभावित करने का आरोप, भाजपा पर एजेंसियों के दुरुपयोग का दावा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़




चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र सरकार और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों में आम आदमी पार्टी (आप) के दो नेताओं के घरों पर पड़े ईडी के छापे इस बात का संकेत हैं कि भाजपा ने पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा जनता का समर्थन हासिल करने के बजाय डर और दबाव की राजनीति कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पार्टी को पंजाब में 117 उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे, इसलिए वह केंद्रीय एजेंसियों के जरिए विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। मान ने आरोप लगाया कि गैर-भाजपा शासित राज्यों को फंड रोककर, राज्यपालों के माध्यम से बाधाएं खड़ी कर और ईडी-सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल कर परेशान किया जा रहा है।

भगवंत मान ने 'वॉशिंग मशीन राजनीति' का जिक्र करते हुए कहा कि जो नेता भाजपा में शामिल हो जाते हैं, वे साफ हो जाते हैं, जबकि विपक्ष में रहने वालों को भ्रष्ट करार देकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में शराब घोटाले जैसे मामलों में 'आप' नेताओं को बिना ठोस सबूत के जेल भेजा गया और उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की गई।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है और विपक्षी दलों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा एजेंसियों, प्रशासनिक फेरबदल और अन्य तरीकों का इस्तेमाल कर रही है, न कि जनता के समर्थन पर भरोसा कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना है और इसके लिए वह नियमों और संस्थाओं को मोड़ने से भी पीछे नहीं हट रही। उन्होंने बंगाल, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों का जिक्र करते हुए कहा कि जहां भाजपा को समर्थन नहीं मिलता, वहां वह अन्य तरीकों से पकड़ बनाने की कोशिश करती है।

भगवंत मान ने केंद्र सरकार से अपील की कि वह बदले की राजनीति छोड़कर देश के वास्तविक मुद्दों—जैसे बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और महंगाई—पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देना, स्कूलों और अस्पतालों को बेहतर बनाना और आम जनता को राहत देना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी इन दबावों से डरने वाली नहीं है और वह सच्चाई के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि चाहे जितनी भी एजेंसियां भेज दी जाएं, पार्टी अपने सिद्धांतों से पीछे नहीं हटेगी। साथ ही उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता से भी जागरूक रहने की अपील की।

# वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने 25 नए वाहनों को दिखाई हरी झंडी

## टैक्स चोरी को रोकना और रियल-टाइम निगरानी को बढ़ाना हैः चीमा

समर न्यूज़ | मोहाली

पंजाब के वित्त, आबकारी और कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां आबकारी और कर विभाग की कार्यशील गतिशीलता और एनफोर्समेंट क्षमताओं को मजबूत करने के लिए 25 नई बोलेरो गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस कदम से फील्ड में मौजूदगी में काफी वृद्धि होगी, टैक्स चोरी को नकेल डाली जाएगी, और पंजाब सरकार के लिए राजस्व एकत्र करने को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, "आज हमारे राज्य प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि हम आबकारी और कर विभाग की कार्यशील गतिशीलता और एनफोर्समेंट क्षमताओं को महत्वपूर्ण ढंग से बढ़ाने के लिए आधिकारिक तौर पर



25 नए बोलेरो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर कार्रवाइयों को मजबूत करने और व्यापक भौगोलिक पहुंच की आवश्यकता पर जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, "अधिकतम भौगोलिक कवरेज और कार्यशील दक्षता को सुनिश्चित करने के लिए, विभाग ने लगभग 2.21 करोड़ रुपये की कुल लागत से ये 25 बोलेरो वाहन खरीदे हैं। इन वाहनों को विभिन्न जिलों, एनफोर्समेंट विंगों और हमारी महत्वपूर्ण मोबाइल यूनिट्स में तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा, "कुल टैक्स राजस्व में साल-दर-साल मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। कुल जीएसटी कलेक्शन 11.87% बढ़कर 24,799.18 करोड़ रुपये से 27,744.05 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि शुद्ध जीएसटी कलेक्शन 12.52% की वृद्धि के साथ 23,642.08 करोड़ रुपये से 26,601.12 करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह, हमारे आबकारी राजस्व में 9.15% की वृद्धि हुई है, जो 2024-25 में 10,752.80 करोड़ रुपये के मुकाबले 11,736.57 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एनफोर्समेंट के परिणामों में हुए बड़े सुधार को रेखांकित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, "एक शानदार उपलब्धि एनफोर्समेंट गतिविधियों में स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रिवेंटिव यूनिट्स का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में, सड़क चेकिंग और निरीक्षणों के माध्यम से लगाया गया कुल जुर्माना 321.04 करोड़ रुपये था।

# चारधाम यात्रा : ऑफलाइन पंजीकरण शुरू

## तीर्थयात्रियों का भव्य स्वागत और पुख्ता इंतजाम

एजेंसी | उत्तराखंड



उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा का आगाज जनपद हरिद्वार से विधिवत रूप से हो गया है। यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से ऋषिकुल मैदान में स्थापित ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र पर शुक्रवार से तीर्थयात्रियों का पंजीकरण प्रारंभ कर दिया गया। सबसे पहले पंजीकरण का गौरव मध्य प्रदेश के शहडोल जनपद से आए सात सदस्यीय तीर्थयात्रियों के दल को प्राप्त हुआ। इस दल में बिसाहू लाल विश्वकर्मा, मुन्नी विश्वकर्मा, प्यारेलाल विश्वकर्मा, रामदीन प्रजापति, दशरथ प्रजापति, शांति प्रजापति एवं पार्वती प्रजापति शामिल रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने अतिथि देवो भव की परंपरा का निर्वहन करते हुए तीर्थयात्रियों का फूल मालाओं एवं टीका-चंदन से भव्य स्वागत किया। अधिकारियों ने यात्रियों की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए शुभकामनाएं भी दीं।ऋषिकुल मैदान स्थित पंजीकरण केंद्र पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। यहां तीर्थयात्रियों के लिए सुव्यवस्थित पंजीकरण, बैठने, पेयजल, सुरक्षा और स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण और स्क्रीनिंग भी सुनिश्चित की जा रही है। तीर्थयात्रियों में इस दौरान खासा उत्साह देखने को मिला। पंजीकरण केंद्र पर विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और लगातार चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण करा रहे हैं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीएम सम्राट को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

एजेंसी | पटना

पुलिस ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने मुख्यमंत्री के आवास पर फोन करके उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

उसकी पहचान बिहार के बांका जिले के निवासी 32 वर्षीय शेखर यादव के रूप में हुई है। जांच के दौरान, उसका पता गुजरात के सानंद में चला। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, गुजरात और बिहार पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

गुजरात में मजदूर के रूप में काम करने वाले यादव को बाद में बिहार पुलिस के हवाले कर दिया गया।



उसे बिहार लाया जाएगा, जहां चल रही जांच के तहत उससे आगे की पूछताछ की जाएगी। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को विश्व के सबसे बड़े प्रशासनिक एवं सांख्यिकी अभियान 'भारत की जनगणना 2027' की मुख्यमंत्री सचिवालय से डिजिटल माध्यम से शुरुआत की और राज्यवासियों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

# राज्यपाल ने नशे के खिलाफ जागरुकता रैली निकाली

समर न्यूज़ | पठानकोट

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार सुबह स्कूली बच्चों के साथ नशे के खिलाफ जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान राज्यपाल स्कूली बच्चों के साथ 3 किमी. तक पैदल चले। उन्होंने लोगों खासकर विद्यार्थी वर्ग को नशे के खतरों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नशा मुक्त पंजाब के लिए हर पंजाबी से सहयोग की अपील की। राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि नशे के खिलाफ जंग किसी एक व्यक्ति, राज्यपाल या किसी खास पार्टी की नहीं है। इस अभियान को सभी पंजाबियों का साझा अभियान बनाने की आवश्यकता है। यदि हम इसे केवल सरकार या प्रशासन के भरोसे छोड़ देंगे, तो सफलता मिलनी मुश्किल है।

# किसानों का रेल रोको आंदोलन 3 दिन के लिए स्थगित

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में गेहूं की खरीद और लिफ्टिंग में हो रही देरी को लेकर किसानों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी बीच किसान संगठनों ने बड़ा फैसला लेते हुए प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन को फिलहाल 3 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने जानकारी देते हुए कहा कि सभी किसान मोर्चों ने सरकार को अपनी मांगों को पूरा करने के लिए 3 दिन का समय दिया है। दरअसल, किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर पंजाब के 18 जिलों में रेल रोको आंदोलन की योजना बनाई गई थी। इसके तहत किसान रेलवे पटरियों पर बैठकर ट्रेनों का चक्का जाम करने वाले थे। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा कुछ राहत भरे कदम उठाने के बाद किसानों ने फिलहाल आंदोलन टालने का निर्णय लिया है। किसान नेताओं का आरोप है कि सरकार और प्रशासन जानबूझकर गेहूं की खरीद में देरी कर रहे हैं। मंडियों में बारदाने की कमी और फसल की लिफ्टिंग न होने के कारण किसान कई दिनों से अपनी उपज लेकर बैठे हैं। जगराओं में हुई महापंचायत के दौरान किसानों ने स्पष्ट कहा कि नमी के नाम पर उनका शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार की ओर से उठाए गए इन कदमों के बाद किसानों ने फिलहाल आंदोलन स्थगित कर दिया है, लेकिन चेतावनी दी है कि यदि 3 दिनों के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा।

# दिल्ली सीएम ने 200 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 200 नई इलेक्ट्रिक बसों और दिल्ली-रोहतक अंतरराज्यीय बस सेवा को ईस्ट विनोद नगर डिपो में आयोजित कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने मदनपुर खादर में नए बस टर्मिनल का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने डीटीसी ईस्ट विनोद नगर डिपो में नए प्रशासनिक भवन का उद्घाटन भी किया। इस मौके दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी को हरित, स्मार्ट और स्वच्छ बनाने की दिशा में सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है। इसी क्रम में आज 200 नई इलेक्ट्रिक बसों की बढ़ोतरी के साथ डीटीसी फ्लीट की संख्या बढ़कर लगभग 6300 बसों तक पहुंच गई है। दिल्ली में प्रदूषण-मुक्त सार्वजनिक परिवहन की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए आज ईस्ट विनोद नगर डिपो से 200 नई ईवी बसों को दिल्ली की सेवा में समर्पित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मिशन मोड में दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को पूरी तरह ईवी में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य कर रही है। दिल्ली में ईवी बसों की संख्या 4500 से अधिक हो चुकी है और 2026 के अंत तक इसे 7000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली से रोहतक रूट आईएसबीटी कश्मीरी गेट और पीरागढ़ी चौक से होकर गुजरेगा, जिसमें टिकरी बॉर्डर, बहादुरगढ़, रोहद, सांपला और रोहतक बस स्टैंड जैसे प्रमुख पड़ाव शामिल है।

# पंजाब कैबिनेट में 6 जिलों में रिजर्वेशन रोस्टर बदले, बाढ़ प्रभावित इलाकों में डिसिल्टिंग को मंजूरी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को कई अहम फैसले लिए गए, जिनमें छह जिलों में रिजर्वेशन रोस्टर में बदलाव और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डिसिल्टिंग की मंजूरी शामिल है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोहाली, पटियाला, फाजिल्का, फिरोजपुर, मलेरकोटला और संगरूर जिलों की सीमाओं में बदलाव के चलते रिजर्वेशन रोस्टर को संशोधित करने की मंजूरी दी गई है। यह फैसला पंजाब पंचायती राज अधिनियम 1994 के तहत लिया गया है। मंत्री ने कहा कि जिन जिलों में 10 प्रतिशत से अधिक सीमा परिवर्तन हुआ है, वहां रोस्टर में बदलाव जरूरी था। इसके तहत जिला परिषद और पंचायत समिति के पदों पर रोटेशन और आरक्षण को नए सिरे से लागू किया जाएगा। यदि किसी को इस पर आपत्ति है तो वह 10 दिनों के भीतर दर्ज करा सकता है।

इसके अलावा, कैबिनेट ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में किसानों को राहत देने के लिए डिसिल्टिंग की मंजूरी भी दी है। सतलुज और घग्गर नदियों के किनारे स्थित क्षेत्रों में बार-बार बाढ़ से होने वाले नुकसान को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। रोपड़ के हरशा बेला, मंडाला ताजोबाल, बाढ़ाकाली राउन, रुकनेवाला, खैहराबाल और डेराबस्सी जैसे इलाकों में किसानों को अपनी जमीन पर खुद डिसिल्टिंग करने की अनुमति दी जाएगी, हालांकि इसके लिए उन्हें प्रशासन से मंजूरी लेनी होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वित्त मंत्री ने राजनीतिक मुद्दों पर भी प्रतिक्रिया दी। संजीव अरोड़ा के घर ईडी की छापेमारी पर उन्होंने कहा कि चुनावी राज्यों में भाजपा पहले वोटिंग प्रक्रिया को प्रभावित करती है और फिर एजेंसियों का इस्तेमाल करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में ऐसी राजनीति सफल नहीं होगी। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ विजिलेंस जांच के सवाल पर चीमा ने कहा कि जो भी दोषी होगा, उसे कानून के तहत सजा जरूर मिलेगी। वहीं राघव चड्ढा को लेकर उठे सवालों पर उन्होंने कहा कि जनता उन लोगों को पसंद नहीं करती जो मुश्किल समय में पीछे हट जाते हैं।

# बारिश से प्रभावित फसल पर केंद्र ने गेहूं खरीद के मानकों में दी विशेष छूट

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में असमय हुई बारिश से प्रभावित गेहूं की फसल को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ा राहत पैकेज दिया है। रबी मार्केटिंग सीजन (RMS) 2026-27 के तहत गेहूं की खरीद के लिए निर्धारित गुणवत्ता मानकों में विशेष छूट दी गई है, जो पंजाब के सभी जिलों और चंडीगढ़ (यू.टी.) पर लागू होगी। दरअसल, राज्य सरकार और भारतीय खाद्य निगम (FCI) ने केंद्र को सूचित किया था कि बारिश के कारण गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। इसके बाद केंद्र सरकार ने 10 अप्रैल को टीमों को जमीनी स्थिति का आकलन करने भेजा और उनकी रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लिया गया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं और



यह तुरंत प्रभाव से लागू होंगे। वहीं, किसानों द्वारा प्रस्तावित रेल चक्का जाम को भी इस फैसले के बाद टाल दिया गया है। नए मानकों के अनुसार, कलर लॉस वाले गेहूं की सीमा 70 प्रतिशत तक बढ़ा दी गई है, जबकि सिकुड़े और टूटे दानों की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है। हालांकि, क्षतिग्रस्त दानों की कुल सीमा 6 प्रतिशत ही रखी गई है। इसके अलावा, नए मानकों के तहत खरीदे गए गेहूं को अलग से संग्रहित किया जाएगा और उसकी अलग से गणना होगी। भंडारण के दौरान गुणवत्ता में गिरावट की जिम्मेदारी राज्य सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन की होगी, जबकि इस स्टॉक का निपटान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस फैसले से किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# मप्र में ओंकारेश्वर में पंच दिवसीय आचार्य शंकर प्रकटोत्सव का हुआ शुभारम्भ

एजेंसी | इंदौर



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को द्वारका शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के साथ ओंकारेश्वर में आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास और मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित पंच दिवसीय आचार्य शंकराचार्य के प्रकटोत्सव 'एकात्म पर्व' का दीप प्रज्ववलित कर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती के पावन सान्निध्य में आयोजित इस समारोह में विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अद्वैत लोक एवं अक्षर ब्रह्म प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। साथ ही वैदिक अनुष्ठान में भी सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में एकात्म धाम के द्वितीय चरण में आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर केंद्रित अद्वैत लोक संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मई 2025 में आयोजित कैबिनेट में 'अद्वैत लोक' संग्रहालय के निर्माण हेतु 2195 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सत्र के अंतर्गत अद्वैत वेदांत की समकालीन परंपराओं पर विस्तृत व सार्थक संवाद प्रारम्भ हुआ। इसमें 17 अप्रैल को अद्वैत एवं जेन-Z जैसे महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषय पर स्वामी स्वात्मानंद सरस्वती, स्वामिनी ब्रह्मप्रज्ञानंद सरस्वती, सतावधानी ललितादित्य और विशाल चौरसिया युवाओं के नजरिए से अद्वैत की व्याख्या करेंगे।

नई दिशा | खेल, गतिविधि और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ा पाठ्यक्रम, 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए नई पहल

# पंचकोश आधारित नए पाठ्यक्रम से होगा बच्चों का समग्र विकासः योगी

एजेंसी | लखनऊ

बालवाटिका को प्रारम्भिक शिक्षा के केंद्र के साथ-साथ योगी सरकार उसे भविष्य के सक्षम, संवेदनशील और सृजनशील नागरिकों के निर्माण की पहली प्रयोगशाला के रूप में विकसित करने की दिशा में निर्णायक पहल कर रही है। प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा को नई दिशा देते हुए बालवाटिका (3 से 6 वर्ष आयु वर्ग) को समग्र विकास के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

बालवाटिका के नवीन पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा के 'पंचकोश' सिद्धांत को बाल विकास के पांच प्रमुख आयामों से वैज्ञानिक रूप से जोड़ा गया है। अन्नमय कोष को शारीरिक विकास, प्राणमय कोष को सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक विकास, मनोमय कोष को भाषा



एवं साक्षरता, विज्ञानमय कोष को संज्ञानात्मक विकास तथा आनंदमय कोष को सौंदर्यबोध विकास से जोड़ा गया है। इसी के अनुरूप एससीईआरटी द्वारा इनके लिए चहक, कदम और कलांकुर जैसी वर्कबुक, गतिविधि पुस्तिकाएं, चित्र कथा, संख्या ज्ञान, कला एवं संगीत आधारित सामग्री विकसित की गई है। ये खेल, कहानी और गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करतीं है।

योगी सरकार की इस पहल से बच्चों का विकास शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ उनके शरीर, मन, बुद्धि और भावनाओं के संतुलित व समग्र विकास के रूप में होगा। वे प्रारम्भिक अवस्था से ही सृजनशील, संवेदनशील और सक्षम नागरिक के रूप में विकसित भी होंगे।

यह है उद्देश्यइस पाठ्यक्रम को तैयार करने का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व के प्रत्येक पहलू को संतुलित रूप से विकसित करना है, ताकि प्रारम्भिक अवस्था से ही उनकी सीखने की नींव मजबूत हो सके। बालवाटिका के लिए तैयार यह पाठ्यक्रम खेल, गतिविधि और अनुभव आधारित शिक्षण पर आधारित है। बच्चों को कहानी, संवाद, चित्रकला और समूह गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर दिया जा रहा है, जिससे वे बिना दबाव के भाषा और संख्यात्मक दक्षताओं के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार भी विकसित कर सकें।

यह हैं पाठ्यक्रम-बाल विकास के निर्धारित चरणपाठ्यक्रम में शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, भाषा विकास के लिए संवाद आधारित गतिविधियां, संज्ञानात्मक विकास के लिए जिज्ञासा आधारित सीखने की प्रक्रिया, सामाजिक एवं नैतिक विकास के लिए समूह सहभागिता तथा सौंदर्यबोध के लिए रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और सृजनात्मक सोच का विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

भविष्य में दिखेगा सकारात्मक प्रभावएससीईआरटी के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान का कहना है कि 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है, जिसमें विकसित होने वाली लगभग 85% क्षमताएं बच्चे के भविष्य की दिशा तय करती हैं। ऐसे में इस आयु वर्ग के लिए समग्र और गुणवत्तापूर्ण बाल केंद्रित पाठ्यक्रम विकसित किया गया है।

www.summerexpress.in
द SUMMER न्यूज़
# समर प्राइम 3
18 अप्रैल 2026
समर एक्सप्रेस

# नाले से गैस बनाकर चूल्हे जलाने का अनोखा प्रयोग

## रिटायर्ड वैज्ञानिक बने लोगों के लिए सहारा

समर न्यूज़ | नई दिल्ली/गाजियाबाद



जहां एक ओर गैस संकट के चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं गाजियाबाद के बृज विहार में एक रिटायर्ड वैज्ञानिक ने अपनी सोच और प्रयोग से लोगों के लिए नई उम्मीद जगा दी है। हेमंत भारद्वाज नाम के इस वैज्ञानिक ने नाले से निकलने वाली गैस को इकट्ठा कर उसे चूल्हे तक पहुंचाने का सफल प्रयोग किया है, जिससे आसपास के लोग मुफ्त में खाना बना रहे हैं।

नाले के बुलबुले से आया आइडिया हेमंत भारद्वाज रोज अपने घर के सामने बहते नाले को देखते थे। एक दिन उन्होंने पानी में उठते बुलबुलों पर ध्यान दिया। एक वैज्ञानिक नजरिए से उन्होंने अंदाजा लगाया कि यह कोई गैस हो सकती है। जांच कराने पर पता चला कि इसमें ज्वलनशील गैस भी मौजूद है। यहीं से उन्होंने इसे उपयोग में लाने का निर्णय लिया।

**▪ कम खर्च में तैयार किया प्लांट**

करीब 20 हजार रुपये की लागत से उन्होंने एक छोटा गैस प्लांट तैयार किया। इसके लिए प्लास्टिक के बड़े ड्रम को काटकर नाले में फिट किया गया और लोहे के फ्रेम से सुरक्षित किया गया। जैसे-जैसे गैस ड्रम में भरती है, वह ऊपर उठने लगता है, जिससे संकेत मिलता है कि गैस जमा हो रही है।

**▪ सुरक्षा के साथ पूरा सिस्टम तैयार**

ड्रम में जमा गैस को पाइप के जरिए मुख्य पाइपलाइन से जोड़ा गया है, जो सीधे चूल्हे तक पहुंचती है। लीकेज से बचाव के लिए हर पाइप में सेफ्टी वॉल्व लगाए गए हैं और गैस प्रेशर मापने के लिए मीटर भी लगाया गया है। पर्याप्त दबाव होने पर ही गैस का उपयोग किया जाता है।

**▪ 2 घंटे तक जलता है चूल्हा**

इस प्लांट में गैस करीब 24 घंटे में इकट्ठा होती है और फिर करीब 2 घंटे तक चूल्हा जलाने में काम आती है। इस सुविधा का लाभ आसपास की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोग उठा रहे हैं। एक ही चूल्हे पर 2-3 परिवार अपना खाना बना लेते हैं, जिससे उनका खर्च काफी कम हो गया है।

**▪ पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद**

यह प्रयोग सिर्फ लोगों के लिए राहत नहीं है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी उपयोगी है। नाले से निकलने वाली गैस को सीधे हवा में जाने से रोककर उसका इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण में कमी आती है।

**▪ सरकार को दिया सुझाव**

हेमंत भारद्वाज का कहना है कि अगर एक व्यक्ति इतने कम खर्च में ऐसा प्रयोग कर सकता है, तो सरकार इस मॉडल को बड़े स्तर पर लागू कर सकती है। देशभर के नालों से निकलने वाली गैस को उपयोग में लाकर ऊर्जा का बड़ा स्रोत तैयार किया जा सकता है।

**समाज सेवा का जज्बा**

रिटायरमेंट के बाद भी हेमंत भारद्वाज समाज सेवा में सक्रिय हैं। वह अपनी पेंशन से ऐसे प्रयोग करते हैं और किसी से आर्थिक सहायता नहीं लेते। उनके इस प्रयास से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है, खासकर ऐसे समय में जब गैस सिलेंडर महंगे या उपलब्ध नहीं हैं। यह पहल साबित करती है कि सही सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से छोटी-सी कोशिश भी बड़े बदलाव का कारण बन सकती है।

## इनोवा से बड़ी इलेक्ट्रिक एमपीवी लॉन्चः 10 साल की बैटरी वारंटी

एजेंसी | चंडीगढ़

भारतीय ऑटो बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के बीच वियतनाम की कंपनी विनफास्ट ने अपनी नई 7-सीटर इलेक्ट्रिक कार वीएफ एमपीवी 7 लॉन्च कर दी है। यह कंपनी की भारत में तीसरी पेशकश है, जो पहले से मौजूद वीएफ6 और वीएफ7 के बाद आई है। कंपनी ने इसकी एक्स-शोरूम कीमत 24.49 लाख रुपये तय की है, जबकि इसकी बुकिंग 21,000 रुपये में शुरू हो चुकी है। यह इलेक्ट्रिक एमपीवी आकार के मामले में टोयोटा इनोवा से भी बड़ी है, जिससे इसे फैमिली कार सेगमेंट में खास पहचान मिलती है। इसमें 60.13 किलोवाट-घंटा का बैटरी पैक दिया गया है, जो एक बार चार्ज करने पर 517 किलोमीटर तक की प्रमाणित ड्राइविंग रेंज देता है। डिजाइन की बात करें तो यह कार बॉक्सी और मजबूत लुक के साथ आती है। इसमें स्लिम एलईडी लाइटबार, एलईडी प्रोजेक्टर हेडलाइट्स और 19 इंच के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं। कार के अंदर ड्यूल-टोन ब्लैक-ब्राउन और ऑल-ब्लैक थीम का विकल्प मिलता है। इसमें 7 सीट्स दी गई हैं, जो थिएटर स्टाइल में लगाई गई हैं ताकि पीछे बैठे यात्रियों को भी अच्छा व्यू मिल सके। फीचर्स के तौर पर इसमें 10.1 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जो इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और क्लाइमेट कंट्रोल का भी काम करता है। इसके अलावा वायरलेस चार्जिंग, कपहोल्डर और पर्याप्त स्टोरेज स्पेस भी दिया गया है।

### होर्मुज स्ट्रेट पर 20 लाख डॉलर टोल की चर्चा

# हमसे नहीं हुई कोई वसूली भारत ने किया साफ

समर न्यूज़ | नई दिल्ली




मिडिल ईस्ट में तनाव और युद्ध के बाद सुर्खियों में आए होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अब नया विवाद सामने आया है। खबरें हैं कि ईरान इस अहम समुद्री रास्ते से गुजरने वाले कुछ जहाजों से करीब 20 लाख डॉलर तक का ट्रांजिट शुल्क वसूल रहा है। हालांकि भारत सरकार ने साफ किया है कि भारतीय जहाजों से ऐसी कोई वसूली नहीं हुई है।

**▪ क्या है पूरा मामला**

ईरान के एक वरिष्ठ सांसद अलाएद्दीन बोरौजेर्दी ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से भारी शुल्क लिया जा रहा है, जो ईरान की रणनीतिक ताकत को दर्शाता है। यह बयान उस समय आया जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के बाद इस समुद्री मार्ग को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी।

**▪ भारत का साफ रुख**

भारत के विदेश मंत्रालय ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ईरान के साथ इस तरह के किसी टोल या शुल्क को लेकर "कोई बातचीत नहीं हुई है।"

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत लगातार इस बात पर जोर दे रहा है कि इस अहम समुद्री रास्ते से जहाजों की आवाजाही बिना किसी बाधा और पूरी सुरक्षा के साथ होनी चाहिए।

**▪ क्या भारतीय जहाजों ने भुगतान किया?**

सरकार ने इस बात से भी इनकार किया है कि भारतीय जहाजों ने किसी प्रकार का शुल्क चुकाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में भारतीय ध्वज वाले 8 LPG टैंकर इस रास्ते से गुजरे हैं और उनके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया गया।

**▪ क्यों अहम है होर्मुज स्ट्रेट**

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है। यह फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। इसके एक तरफ ईरान और दूसरी तरफ ओमान व संयुक्त अरब अमीरात स्थित हैं।

दुनिया का करीब 20% कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर गुजरता है। हर दिन लगभग 15 मिलियन बैरल तेल की सप्लाई इस मार्ग से होती है, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार इस पर काफी निर्भर है।

**▪ भारत के लिए क्यों महत्वपूर्ण**

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए मिडिल ईस्ट पर काफी निर्भर है। देश के करीब 90% तेल और गैस आयात इसी क्षेत्र से होते हैं। ऐसे में होर्मुज स्ट्रेट में किसी भी तरह की रुकावट या शुल्क का असर सीधे भारत की अर्थव्यवस्था और तेल की कीमतों पर पड़ सकता है।


**▪ फिलहाल क्या स्थिति है**

अमेरिका और ईरान के बीच अस्थायी युद्धविराम के बाद यह समुद्री मार्ग फिर से खुल गया है, लेकिन स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं मानी जा रही। भारत ने स्पष्ट किया है कि वह इस मार्ग से सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही की मांग करता रहेगा।

### EV कार का कटा PUC चालान

# मालिक बोला- न साइलेंसर, न धुआं फिर क्यों जुर्माना

एजेंसी | नागौर (राजस्थान)




इलेक्ट्रिक वाहनों को पर्यावरण के अनुकूल माना जाता है, लेकिन नागौर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने एक इलेक्ट्रिक कार का ही प्रदूषण प्रमाणपत्र (PUC) चालान काट दिया, जिसके बाद यह घटना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई।

**▪ 'EV में न धुआं, फिर PUC क्यों?'**

जानकारी के अनुसार, जोधपुर निवासी पुनाराम ने करीब तीन महीने पहले इलेक्ट्रिक कार खरीदी थी। 6 अप्रैल को जब उनका वाहन नागौर में था, उस समय उनके बड़े भाई अशोक पंवार कार चला रहे थे। RTO रोड पर पुलिस ने वाहन को रोककर चालान काट दिया।

जब चालान का मैसेज मोबाइल पर आया, तो पुनाराम ने तुरंत अपने भाई को जानकारी दी। अशोक पंवार मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी से मिले और बताया कि यह इलेक्ट्रिक वाहन है, जिससे कोई प्रदूषण नहीं होता और इसमें साइलेंसर भी नहीं होता।

**▪ 'मशीन में NIL दिखा, इसलिए चालान'**

बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद ASI राजकुमार ने जवाब दिया कि उनकी मशीन में वाहन का PUC स्टेटस "NIL" दिख रहा है, इसलिए चालान किया गया। इसके तहत 1500 रुपये का PUC चालान और 200 रुपये का टिंटेड ग्लास का चालान काटा गया। कुल मिलाकर 1700 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

**▪ चालक ने उठाए सवाल**

वाहन चालक अशोक पंवार का कहना है कि यह कार्रवाई नियमों के खिलाफ है, क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों से प्रदूषण नहीं निकलता और इनके लिए PUC सर्टिफिकेट जरूरी नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि गाड़ी के शीशों पर काली फिल्म नहीं, बल्कि धूप से बचाव के लिए जाली लगाई गई थी।

हालांकि, नियमों के अनुसार वाहन के शीशों पर किसी भी तरह की फिल्म या जाली लगाना प्रतिबंधित है, ऐसे में इस हिस्से का चालान सही माना जा सकता है।

**पुलिस की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं**

इस पूरे मामले पर फिलहाल नागौर पुलिस की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, यह घटना EV वाहनों के नियमों और चालान प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े कर रही है। यह मामला साफ करता है कि तकनीक और नियमों के बीच तालमेल जरूरी है, वरना इस तरह की अजीब घटनाएं सामने आती रहेंगी।

# लिथियम बैटरी को सीधी टक्कर, वैज्ञानिकों ने खोजा सस्ता और टिकाऊ मैटेरियल

## नई तकनीक से एल्युमिनियम बैटरियों की क्षमता और स्थिरता में बड़ा सुधार

एजेंसी | नई दिल्ली




लिथियम-आयन बैटरियों के महंगे और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के बीच वैज्ञानिक लगातार बेहतर विकल्प तलाश रहे हैं। इसी दिशा में बेंगलुरु के नैनो और सॉफ्ट मैटर विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। शोध टीम ने एक ऐसा नया मटेरियल विकसित किया है, जो एल्युमिनियम बैटरियों को ज्यादा टिकाऊ और स्थिर बना सकता है।

एल्युमिनियम बैटरियां इसलिए चर्चा में रहती हैं क्योंकि एल्युमिनियम सस्ता, आसानी से उपलब्ध और ज्यादा चार्ज स्टोर करने में सक्षम होता है। लेकिन अब तक सबसे बड़ी समस्या यह थी कि इन बैटरियों के अंदर इस्तेमाल होने वाला मटेरियल जल्दी खराब हो जाता था। बार-बार चार्ज करने पर यह टूटने या घुलने लगता था, जिससे बैटरी की क्षमता तेजी से घटती थी।

इस समस्या को दूर करने के लिए वैज्ञानिकों ने वैनाडियम ऑक्साइड नामक मटेरियल पर काम किया, जो ऊर्जा स्टोर करने में प्रभावी होता है, लेकिन पानी आधारित बैटरियों में जल्दी घुल जाता है। इसे सुधारने के लिए शोधकर्ताओं ने इसे MXene नाम के एक उन्नत मटेरियल के साथ मिलाया। यह मटेरियल बेहद पतला और अत्यधिक कंडक्टिव होता है, जो बैटरी के अंदर एक मजबूत ढांचा तैयार करता है।

नए मटेरियल के इस्तेमाल से बैटरी की परफॉर्मेंस में बड़ा सुधार देखा गया। परीक्षणों में पाया गया कि वैनाडियम के घुलने की मात्रा चार गुना से ज्यादा कम हो गई। इसके चलते बैटरी ने 100 चार्ज साइकल के बाद 73% और 500 साइकल के बाद करीब 59% क्षमता बनाए रखी, जो पारंपरिक बैटरियों की तुलना में काफी बेहतर है।

शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने पाया कि MXene बैटरी के अंदर एक सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करता है। यह मटेरियल को टूटने से बचाता है और एल्युमिनियम आयनों की आवाजाही को बेहतर बनाता है। इससे बैटरी की स्थिरता और प्रदर्शन दोनों में सुधार होता है।

यह शोध विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से किया गया और इसके नतीजेपावर स्रोतों का जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। अगर इस तकनीक को बड़े स्तर पर लागू किया जाता है, तो एल्युमिनियम बैटरियां सस्ती, सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा स्टोरेज का बेहतर विकल्प बन सकती हैं।

**Good DAY**



समर न्यूज़ | लुधियाना

यह नई सुबह आपके जीवन में आशा, ऊर्जा और खुशियों की नई रोशनी लेकर आए। हर दिन एक नई शुरुआत का मौका देता है, इसलिए आज को सकारात्मक सोच और पूरे जोश के साथ अपनाएं। बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़कर आगे बढ़ें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। खुद पर भरोसा रखें, मेहनत जारी रखें और हमेशा मुस्कुराते रहें।

**दीपनयन**
**पेशेवर वॉइस आर्टिस्ट**

# ऑपरेशन सिंदूर की पहली सालगिरह पर बड़ी तैयारी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर` की पहली सालगिरह के मौके पर जयपुर में होने वाले तीन दिवसीय संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, CDS और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल होंगे। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर और मौजूदा वैश्विक सुरक्षा हालात पर मंथन होगा। 7 मई को इस सैन्य कार्रवाई के एक साल पूरे होने के मौके पर देश की सैन्य और रणनीतिक ताकत का प्रदर्शन भी देखने को मिलेगा। इसी कड़ी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 6 से 8 मई तक जयपुर में होने वाले तीन दिवसीय संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे।


इंडिया टुडे/आजतक को मिली एक्सक्लूसिव जानकारी के मुताबिक, इस हाईलेवल मीटिंग में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब वैश्विक स्तर पर ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव ने सुरक्षा चिंताओं को गहरा कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, सम्मेलन के दौरान न केवल `ऑपरेशन सिंदूर` की रणनीतिक समीक्षा की जाएगी, बल्कि देश और दुनिया की मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर भी व्यापक चर्चा होगी। इस दौरान `ऑपरेशन सिंदूर` पर एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई जाएगी, जिसमें इस ऑपरेशन में शामिल सैनिक और अधिकारी अपने अनुभव साझा करेंगे। दरअसल, इस सम्मेलन का समय बेहद सोच-समझकर तय किया गया है। 7 मई को ही `ऑपरेशन सिंदूर` शुरू हुआ था। यह ऑपरेशन पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में लॉन्च किया गया था, जिसमें 26 नागरिकों की जान गई थी। इसके जवाब में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर बुरी तरह तबाह कर दिया था।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

### सस्ती होंगी स्कॉच और विदेशी कारें

# India-UK FTA: मई से लागू हो सकता है बड़ा ट्रेड समझौता

एजेंसी | नई दिल्ली



भारत और ब्रिटेन के बीच लंबे समय से चर्चा में चल रहा मुक्त व्यापार समझौता (FTA) अब जल्द लागू होने की कगार पर है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, यह डील मई के दूसरे सप्ताह से लागू हो सकती है। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार को नई गति मिलेगी और आम लोगों पर भी इसका सीधा असर दिखेगा।

**▪ क्या है पूरा समझौता**

भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई 2025 को व्यापक आर्थिक और व्यापार करार (CETA) पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के तहत भारत के करीब 99% उत्पादों को ब्रिटेन में बिना शुल्क के एंट्री मिलेगी। इससे भारतीय निर्यातकों को बड़ा फायदा मिलेगा और उनका माल वहां सस्ते में पहुंच सकेगा।

**▪ कर्मचारियों को राहत**

इस डील के साथ दोहरा योगदान समझौता (DCC) भी लागू किया जाएगा। इससे उन लोगों को फायदा होगा जो भारत और ब्रिटेन दोनों जगह काम करते हैं। अब उन्हें सोशल सिक्योरिटी के लिए दो बार भुगतान नहीं करना पड़ेगा।

**▪ भारत को क्या मिलेगा फायदा**

इस समझौते से भारत के कई सेक्टर को मजबूती मिलेगी, जैसे - कपड़ा उद्योग
जूते-चप्पल
रत्न और आभूषण
खिलौने और खेल का सामान
इन उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी, जिससे निर्यात बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर बनेंगे।

**ब्रिटेन को क्या मिलेगा फायदा**

भारत ने भी अपने बाजार को ब्रिटिश उत्पादों के लिए कुछ हद तक खोल दिया है।
चॉकलेट, बिस्किट और कॉस्मेटिक्स जैसे सामान भारत में आसानी से आएंगे
स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क 150% से घटाकर 75% किया जाएगा
2035 तक इसे और घटाकर 40% करने का लक्ष्य रखा गया है

**कारें भी होंगी सस्ती**

इस समझौते का असर ऑटो सेक्टर पर भी दिखेगा।
आयातित कारों पर शुल्क 110% से घटाकर अगले 5 साल में 10% तक किया जाएगा
यह छूट तय कोटा सिस्टम के तहत मिलेगी
इसके बदले भारतीय कंपनियों को ब्रिटेन में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के लिए बाजार मिलेगा।

**2030 तक बड़ा लक्ष्य**

इस डील का उद्देश्य 2030 तक भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार को बढ़ाकर करीब 56 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। कुल मिलाकर, यह समझौता सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने और नए अवसर पैदा करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# सोनीपत के फार्म हाउस में दो शव मिलने से मची सनसनी

## गेस्ट रूम में फंदे से लटके मिले संचालक और महिला, आत्महत्या या हत्या

समर न्यूज़ | सोनीपत



हरियाणा के सोनीपत में राठधाना रोड स्थित एक फार्म हाउस में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब फार्म हाउस संचालक और एक महिला का शव गेस्ट रूम में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान फार्म हाउस संचालक सुमेश स्वामी और एक महिला के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों के शव गेस्ट रूम में फंदे से लटके पाए गए। सूचना मिलने पर मृतक के बेटे मोहित ने बताया कि सुबह उन्होंने अपने पिता को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद वह स्वयं फार्म हाउस पहुंचे। काफी देर तक आवाज देने के बावजूद जब कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने कमरे तलाशने शुरू किए। गेस्ट रूम में पहुंचने पर उन्होंने पिता और महिला को फंदे से लटका देखा। मोहित के अनुसार, दोनों को नीचे उतारने के प्रयास में फंदा जलाया गया, जिससे वे नीचे गिर गए, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस को मौके से शराब की बोतलें और कुछ खाली पैकेट भी बरामद हुए हैं।

प्राथमिक जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, हालांकि महिला के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कहा है कि दोनों को मारकर बाद में शव फंदे पर लटकाए गए हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मामले की जांच जारी है।

# निकाय चुनावों पर रोक की मांग खारिज 10 मई को मतदान

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा में आगामी नगर निगम और स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर चल रहे विवाद पर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कांग्रेस की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें राज्य में निकाय चुनावों पर रोक लगाने और वार्डबंदी प्रक्रिया को दोबारा कराने की मांग की गई थी। कांग्रेस ने अपनी याचिका में अंबाला में एससी आरक्षित वार्डों की संख्या घटाए जाने और वार्डों के नए सिरे से सीमांकन को लेकर आपत्ति जताई थी। पार्टी की मांग थी कि मौजूदा अधिसूचना रद्द कर पूरी वार्डबंदी प्रक्रिया दोबारा की जाए और उसके बाद ही चुनाव कराए जाएं। सुनवाई जस्टिस एच.एस. सेठी और जस्टिस यशवर्धन राठौड़ की खंडपीठ ने की। अदालत ने स्पष्ट किया कि चुनाव की तारीखों की औपचारिक घोषणा हो चुकी है, ऐसे में न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि चुनावी प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद उसे रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था के हित में नहीं होगा।

# थाने के बाहर आत्मदाह करने वाले युवक की एम्स में मौत

## वायरल वीडियो में लगाया झूठे केस में फंसाने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

समर न्यूज़ | गुरुग्राम



सेक्टर-40 थाने के बाहर आत्मदाह करने वाले युवक अंकित यादव की दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई।

घटना के बाद युवक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उसने खुद को झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, 24 वर्षीय अंकित यादव मूल रूप से फतेहपुर जिले के सीतापुर गांव का रहने वाला था और टैक्सी चालक का काम करता था। उसका पिछले करीब चार वर्षों से एक युवती के साथ प्रेम संबंध था। बताया जा रहा है कि दोनों कुछ समय तक लिव-इन रिलेशनशिप में भी रहे।

परिजनों के मुताबिक, हाल ही में दोनों के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि युवती ने अंकित के खिलाफ सेक्टर-40 थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए थाने बुलाया था।

इसी दौरान, युवक थाने के पास पहुंचा और उसने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे युवक को पहले सिविल अस्पताल और बाद में दिल्ली एम्स रेफर किया गया, जहां गुरुवार शाम उसने दम तोड़ दिया।

घटना के बाद सामने आए वीडियो में अंकित यह कहते हुए नजर आ रहा है कि उसे झूठे मामलों में फंसाया गया और उसके पास अब कोई रास्ता नहीं बचा है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। थाना प्रभारी के अनुसार, युवक थाने के अंदर नहीं आया था, और आगे की कार्रवाई परिजनों के बयान और जांच के आधार पर की जाएगी।

# जीजेयू में हंगामे के बाद दिग्विजय समेत कई पर केस दर्ज

समर न्यूज़ | हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू) में हुए छात्र संवाद कार्यक्रम के दौरान हुए हंगामे के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। हिसार सिटी थाना में जननायक जनता पार्टी (जजपा) युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला समेत पार्टी के कई पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार, विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित छात्र संवाद कार्यक्रम को लेकर तनाव की स्थिति बन गई। आरोप है कि प्रदर्शनकारी छात्रों ने कुलपति कार्यालय का गेट तोड़ने की कोशिश की, परिसर में रखे गमलों को नुकसान पहुंचाया और पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को मौके पर हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान करीब एक घंटे तक कुलपति कार्यालय के बाहर हंगामा चलता रहा। बताया जा रहा है कि प्रदर्शनकारियों ने दिग्विजय चौटाला की मौजूदगी में विरोध प्रदर्शन किया और कुलपति कार्यालय का घेराव भी किया।

# पंचकूला मेयर टिकट की रेस तेज, 200 से ज्यादा दावेदार मैदान में

समर न्यूज़ | पंचकूला

पंचकूला में नगर निगम चुनाव से पहले भाजपा में टिकट को लेकर हलचल काफी तेज हो गई है। मेयर पद के लिए करीब 20 नेताओं ने दावेदारी जताई है, जबकि पार्षद पद के लिए 200 से अधिक आवेदन संगठन को मिले हैं। पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल ने फिर टिकट की मांग की है, वहीं अमित जिंदल, प्रदीप गोयल, रंजीता मेहता और अनिल थापर भी रेस में शामिल हैं। इसके अलावा दीपक शर्मा, अजय शर्मा, विशाल सेठ, योगेंद्र शर्मा और योगेश्वर शर्मा ने भी अपनी दावेदारी पेश की है। पार्टी स्तर पर सभी नामों पर मंथन जारी है और टिकट वितरण को लेकर गहमागहमी चरम पर है।

# नारनौल में पटवारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

## एसीबी गुरुग्राम की कार्रवाई में 7 हजार बरामद

समर न्यूज़ | चंडीगढ़




हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो , गुरुग्राम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चकबंदी विभाग, नारनौल में तैनात पटवारी प्रदीप कुमार को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी पर जमीन से जुड़े रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है।

एसीबी के अनुसार, इस संबंध में थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, गुरुग्राम में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

मामले में शिकायतकर्ता ओमप्रकाश ने आरोप लगाया था कि उसकी भूमि को चकबंदी रिकॉर्ड में दर्ज करने के एवज में पटवारी ने पहले 3,000 रुपये रिश्वत ली और बाद में 7,000 रुपये की अतिरिक्त मांग कर लगातार दबाव बनाया जा रहा था।

शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी टीम ने जाल बिछाकर कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने के बाद गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने रिश्वत की राशि पटवार घर के पास एक खाली प्लॉट में फेंक दी थी। बाद में उसकी निशानदेही पर 7,000 रुपये की राशि बरामद कर ली गई। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही विभाग ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है तो इसकी सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1064 या 1800-180-2022 पर दें। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# सोनीपत में महिला आयोग की सख्ती

समर न्यूज़ | सोनीपत

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने सोनीपत के राई क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख यूनिवर्सिटी के आसपास अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसते हुए देर रात औचक निरीक्षण किया। खास बात यह रही कि भाटिया खुद कार चलाकर मौके पर पहुंचीं और गांव राठधाना रोड के आसपास संचालित शराब ठेकों और कई चर्चित क्लबों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान भाटिया को बड़ी संख्या में युवा सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करते मिले, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके दौरे की सूचना पहले ही लीक हो गई थी, जिसके चलते जिन खास मामलों की शिकायत उन्हें मिली थी, उनमें संबंधित लोगों तक पहुंचना संभव नहीं हो पाया।

# गुढ़ा में युवक की किडनैपिंग के बाद हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | महेंद्रगढ़



जिले के गांव गुढ़ा में एक युवक की किडनैपिंग के बाद मारपीट से मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 33 वर्षीय दिनेश शर्मा के रूप में हुई है, जो महेंद्रगढ़ में एक गोल्ड लोन शाखा में कार्यरत था। परिजनों के अनुसार, कुछ लोगों ने दिनेश को अगवा कर बेरहमी से पीटा, जिसके चलते उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि घटना की शुरुआत एक संदिग्ध फोन कॉल से हुई थी। कॉल करने वालों ने दिनेश पर उसकी पत्नी से बातचीत करने का आरोप लगाते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी थी। मृतक की बहन ने बताया कि उसी मोबाइल से परिवार को कॉल आया, जिसमें दिनेश के साथ मारपीट की आवाजें साफ सुनाई दे रही थीं। इसके बाद परिवार के लोग उसकी तलाश में जुट गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल लोकेशन ट्रेस की और देर रात दिनेश का शव बूचावास रेलवे स्टेशन के पास बरामद किया। शव को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अगले दिन परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई। परिजनों ने एक महिला सहित कई लोगों पर इस हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद गुस्साए परिजन और ग्रामीण थाने के बाहर धरने पर बैठ गए और आरोपियों की गिरफ्तारी तक प्रदर्शन जारी रखा। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

# एनआईटी कुरुक्षेत्र में छात्रों का उग्र प्रदर्शन

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (NIT) कुरुक्षेत्र में पिछले दो महीनों के भीतर चार छात्र-छात्राओं की आत्महत्या के मामलों ने कैंपस का माहौल तनावपूर्ण बना दिया है। इन घटनाओं के विरोध में देर रात सैकड़ों छात्र-छात्राएं सड़कों पर उतर आए और संस्थान प्रशासन व शिक्षकों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कुछ प्रोफेसरों और हॉस्टल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। छात्रों का आरोप है कि एक छात्र प्रियांशु की आत्महत्या के बाद एक प्रोफेसर ने असंवेदनशील टिप्पणी की, जिससे छात्रों में भारी रोष है। वहीं, दीक्षा दुबे के मामले में छात्राओं ने हॉस्टल वार्डन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि समय पर सूचना देने के बावजूद वार्डन ने तुरंत कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण मदद मिलने में देरी हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कैंपस में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। बढ़ते विरोध के बीच संस्थान प्रशासन ने अचानक 18 अप्रैल से 4 मई तक छुट्टियों की घोषणा कर दी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि थ्योरी परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी, जबकि प्रैक्टिकल परीक्षाएं ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। इस दौरान संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डॉ. ब्रह्मजीत सिंह अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझाने का प्रयास किया।

# पानीपत स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिरा युवक, मौत

समर न्यूज़ | पानीपत

हरियाणा के पानीपत रेलवे स्टेशन पर एक युवक की चलती ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान चंडीगढ़ निवासी अजय कुमार (34) के रूप में हुई है, जो अपने पैतृक गांव फर्रुखाबाद जा रहा था। प्लेटफॉर्म नंबर-2 के पास संदिग्ध परिस्थितियों में वह ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। शुरुआत में पहचान नहीं हो सकी, बाद में परिजनों ने शिनाख्त की। परिवार ने बैग और मोबाइल गायब होने पर लूट की आशंका जताई है। वहीं रेलवे पुलिस इसे प्राथमिक तौर पर हादसा मान रही है।

### टोहाना में गैस एजेंसी पर बड़ी कार्रवाई

# CM फ्लाइंग और फूड सप्लाई विभाग की रेड में अनियमितताएं उजागर

समर न्यूज़ | फतेहाबाद



हरियाणा के फतेहाबाद जिले के टोहाना स्थित डांगरा रोड पर एक रसोई गैस एजेंसी पर देर रात CM फ्लाइंग और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान स्टॉक और रिकॉर्ड में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद एजेंसी को मौके पर ही सील कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई गैस सिलेंडर वितरण में लापरवाही और अनियमितताओं को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई। टीम ने निरीक्षण के बाद संबंधित दस्तावेजों की जांच की, लेकिन एजेंसी का स्टाफ जरूरी रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं कर सका।

छापेमारी के दौरान गोदाम में 516 खाली सिलेंडर, 17 भरे हुए सिलेंडर, 343 छोटे सिलेंडर और 51 कमर्शियल सिलेंडर पाए गए। इन सभी स्टॉक में गड़बड़ी की आशंका जताई गई है।

फूड सप्लाई विभाग के अधिकारी के अनुसार, एजेंसी का संचालन माया देवी के नाम से किया जा रहा है, जबकि मौके पर हवासिंह नामक व्यक्ति मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि दस्तावेजों में अनियमितता पाए जाने के बाद तत्काल प्रभाव से एजेंसी को सील कर दिया गया।

यह एजेंसी पहले भी विवादों में रही है। कुछ समय पहले स्थानीय निवासी सतपाल ने प्रधानमंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री कार्यालय को शिकायत भेजकर शहर की दो गैस एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एजेंसी संचालक जानबूझकर सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पूरी जांच रिपोर्ट तैयार कर जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को भेज दी गई है। आगे की कार्रवाई रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# गायक मासूम को महिला आयोग का नोटिस, 18 को तलब

समर न्यूज़ | करनाल

हरियाणा राज्य महिला आयोग ने गायक मासूम शर्मा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें नोटिस जारी कर 18 अप्रैल को करनाल में आयोग के समक्ष पेश होने के निर्देश दिए हैं। मामला एक कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा और मंच से अभद्र शब्दों के इस्तेमाल से जुड़ा है। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि प्रदेश में कुछ लोग "गन और गंद संस्कृति" को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कलाकारों को अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन समाज में गलत संदेश फैलाने या आपत्तिजनक सामग्री को बढ़ावा देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। आरोप है कि देहरादून में एक कार्यक्रम के दौरान मासूम शर्मा ने मंच से छात्र-छात्राओं के सामने अभद्र भाषा का प्रयोग किया था।

**सुविधा** बसों में डिजिटल टिकटिंग से यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत, खुले पैसे का झंझट खत्म

# रोडवेज में UPI भुगतान प्रणाली लागू करने की घोषणा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने राज्य परिवहन व्यवस्था को डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रोडवेज बसों में UPI आधारित भुगतान प्रणाली शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल के तहत यात्रियों को अब टिकट के लिए नकद या खुले पैसे रखने की आवश्यकता नहीं होगी।

परिवहन विभाग इस व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से लागू करेगा। शुरुआत में इसे एक जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जाएगा। इस ट्रायल की सफलता और यात्रियों से मिलने वाले फीडबैक के आधार पर इसे पूरे राज्य के सभी डिपो और बसों में लागू किया जाएगा।

मंत्री अनिल विज ने विभागीय बैठक में बताया कि इस प्रणाली के लिए तकनीकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। जल्द ही बस कंडक्टरों को ऐसी मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनके जरिए QR कोड स्कैन कर सीधे डिजिटल भुगतान लिया जा सकेगा।

नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्रियों को कई फायदे मिलेंगे। सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि खुले पैसे की समस्या खत्म हो जाएगी, जिससे किराए को लेकर होने वाले विवादों में कमी आएगी। इसके अलावा नकद लेनदेन कम होने से यात्रा प्रक्रिया तेज और अधिक सुविधाजनक होगी।

डिजिटल भुगतान प्रणाली से राजस्व संग्रह में पारदर्शिता बढ़ेगी और अनियमितताओं की संभावना कम होगी। साथ ही यात्रियों को बड़ी मात्रा में नकदी साथ रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे सफर अधिक सुरक्षित और आसान बनेगा।

परिवहन विभाग का लक्ष्य हरियाणा रोडवेज को आधुनिक और डिजिटल सेवाओं से लैस करना है। मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार यात्रियों को बेहतर और तकनीकी रूप से उन्नत सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। UPI सिस्टम से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि पूरी व्यवस्था अधिक प्रभावी और आधुनिक बनेगी।

# हरियाणा में कचरे से बनेगी बिजली

## पांच शहरों में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की तैयारी

समर न्यूज़ | फरीदाबाद



हरियाणा सरकार ने कचरा निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश के पांच प्रमुख शहरों में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत फरीदाबाद, गुरुग्राम, पंचकूला, करनाल और हिसार में कचरे से बिजली उत्पादन के लिए आधुनिक संयंत्र लगाए जाएंगे। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बढ़ते कचरे के ढेर और उससे फैल रहे प्रदूषण को देखते हुए यह पहल की जा रही है। खासतौर पर लैंडफिल साइट्स पर जमा कचरे से निकलने वाला लीचेट भूजल को प्रदूषित कर रहा है, जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों पर गंभीर असर पड़ रहा है। इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की एक समिति गठित की गई है। समिति में फरीदाबाद, गुरुग्राम और हिसार के नगर निगम आयुक्तों सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं, जिन्हें 20 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपनी होगी। रिपोर्ट में कचरे की दैनिक मात्रा, प्लांट के लिए उपयुक्त भूमि, बिजली उत्पादन और वितरण की व्यवस्था, पावर परचेज एग्रीमेंट का ढांचा, परियोजना की लागत और पर्यावरणीय प्रभाव जैसे अहम पहलुओं का विश्लेषण किया जाएगा। यह पहली बार है जब किसी परियोजना के लिए इतनी उच्चस्तरीय समिति बनाई गई है। सरकार इस परियोजना को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर लागू करने की योजना बना रही है, जिसमें निजी कंपनियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। इससे पहले गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी में कचरे से बिजली बनाने की योजना इको ग्रीन कंपनी को सौंपी गई थी, लेकिन तय समय पर काम शुरू न होने के कारण अनुबंध रद्द कर दिया गया था। वर्तमान में फरीदाबाद से रोजाना करीब 860 मीट्रिक टन और गुरुग्राम से 1200 मीट्रिक टन से अधिक कचरा निकलता है, जिसके निपटान में प्रशासन को भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर बार-बार आग लगने की घटनाएं भी चिंता का विषय बनी हुई हैं। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि इस योजना के लागू होने से न केवल कचरा प्रबंधन की समस्या का समाधान होगा, बल्कि ऊर्जा उत्पादन में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में तीन जिलों को इस परियोजना में शामिल किया जाएगा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और युगांतकारी मील का पत्थर : जयराम ठाकुर

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की जमकर सराहना की, कहा- यह निर्णय न केवल महिलाओं को सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त बनाएगा

समर न्यूज़ | कुल्लू

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को कुल्लू में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश की लोकतांत्रिक यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मील का पत्थर करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की जमकर सराहना की और कहा कि यह निर्णय न केवल महिलाओं को सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त बनाएगा, बल्कि उन्हें राष्ट्र की निर्णय प्रक्रिया में समान और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक अत्यंत सुदृढ़ और प्रभावी कदम सिद्ध होगा। उन्होंने बड़े ही प्रभावशाली ढंग से अपनी बात रखते हुए इस बात पर विशेष बल दिया कि 21वीं सदी के इस सबसे बड़े और महत्वपूर्ण फैसले की गूँज आज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है और वैश्विक स्तर पर इसकी व्यापक चर्चा हो रही है, क्योंकि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐसा अविस्मरणीय और साहसिक कार्य रहेगा जो आने वाले समय में लोकतंत्र के भीतर महिलाओं की भूमिका को और अधिक सार्थक, प्रभावशाली और मजबूत बनाने में आधारस्तंभ



का कार्य करेगा। नेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट किया कि लोकसभा और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का यह संवैधानिक प्रावधान न केवल उनके बुनियादी अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करेगा और उन्हें मजबूती देगा, बल्कि यह देश के सर्वांगीण विकास की गति को भी एक नई और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगा, क्योंकि जब आधी आबादी को नेतृत्व का अवसर मिलेगा तो विकास के प्रतिमान भी बदलेंगे। जयराम ठाकुर ने भावुक होते हुए इस दूरदर्शी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का हृदय से आभार प्रकट किया और इसे "नारी शक्ति" के प्रति सच्ची श्रद्धा व सम्मान की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को संगठन और सरकार में अधिक से अधिक पदों पर जिम्मेदारी देकर उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार कर रही है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण आज देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद से लेकर केंद्रीय कैबिनेट तक में मातृशक्ति की सशक्त और अग्रणी उपस्थिति के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ कहा कि आज की महिलाएं अपनी अदम्य इच्छाशक्ति और अद्वितीय काबिलियत के दम पर हर क्षेत्र में खुद को साबित कर रही हैं और राष्ट्र सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं, ऐसे में यह अधिनियम उनके हौसलों को नई उड़ान देने के साथ-साथ समाज की मुख्यधारा में उनके प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाएगा, जिससे भारत एक सशक्त और समावेशी लोकतंत्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी नई पहचान स्थापित करने में सफल होगा।

## इनोवेंचर प्लस इंटेलिजेंस में शिमला के छात्र का कमाल

समर न्यूज़ | शिमला

स्कूली छात्रों में नवाचार और उद्यमिता की सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित "इनोवेंचर प्लस इंटेलिजेंस प्लस" प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लेकर अपने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक समस्याओं से जुड़े रचनात्मक प्रोजेक्ट्स पेश किए। छात्रों ने अपने आइडियाज डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए जूरी के सामने प्रस्तुत किए, जिससे उनकी सोच



और प्रस्तुति कौशल का मूल्यांकन किया गया। हिमाचल प्रदेश के छात्रों ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। शिमला के एडवर्ड स्कूल के कक्षा 5वीं के छात्र रिपुंजय प्रताप सिंह ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राज्य स्तर पर पहला स्थान हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर 51वां स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल और प्रदेश का नाम रोशन किया।

## सरकाघाट छात्रा हत्याकांड पर आक्रोश : संस्कार सोसाइटी ने फास्ट ट्रैक न्याय की मांग की



सुभाष | बिलासपुर
समर न्यूज़

घुमारवीं की समाजसेवी संस्था संस्कार सोसाइटी ने सरकाघाट में कॉलेज छात्रा की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या के विरोध में राज्यपाल को एसडीएम घुमारवीं के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि सरकाघाट में कॉलेज जाने वाली छात्रा की दिनदहाड़े हुई हत्या अत्यंत निंदनीय है और यह घटना मानवता को झकझोरने वाली है। उन्होंने कहा कि यह मामला प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है तथा दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाना आवश्यक है।

महेंद्र धर्माणी ने यह भी कहा कि प्रदेश में नशे का बढ़ता प्रकोप गंभीर चिंता का विषय है और इसके कारण अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने आशंका जताई कि इस हत्या के पीछे नशे की प्रवृत्ति भी एक कारण हो सकती है इसलिए नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने राज्यपाल से मांग की कि इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाए ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि महिला सुरक्षा को लेकर जमीनी स्तर पर ठोस कदम उठाए जाएं और प्रभावी नीतियां लागू की जाएं। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक आयोजनों तक सीमित रहने के बजाय वास्तविक सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। संस्कार सोसाइटी ने नशा निवारण के लिए व्यापक अभियान चलाने और नशे के कारोबार में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की।

## बलिया में छात्रों पर नशे का आरोप, ग्रामीणों ने पकड़ा

सुभाष | बिलासपुर
समर न्यूज़

बिलासपुर जिले के स्वारघाट उपमंडल के बलिया क्षेत्र में कुछ छात्रों को कथित तौर पर नशा करते हुए पकड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय ग्रामीणों को लंबे समय से इलाके में युवाओं की संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत मिल रही थी।इसी के चलते ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कुछ छात्रों को घेर लिया और उनसे पूछताछ की। आरोप है कि इस दौरान छात्रों को नशा करते हुए पाया गया। ग्रामीणों ने उन्हें सख्त चेतावनी दी और भविष्य में इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने को कहा।

घटना के दौरान कुछ ग्रामीणों द्वारा छात्रों को दंडस्वरूप अनुशासनात्मक तरीके से मुर्गा भी बनाया गया,



जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हालांकि, इस तरह की कार्रवाई को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी चिंता का विषय बनती जा रही है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि इलाके में गश्त बढ़ाई जाए और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, प्रशासन की ओर से मामले की जांच की उम्मीद जताई जा रही है।

## हिमाचल कैबिनेट के बड़े फैसले : किसानों को MSP राहत और 1500 पदों को मंजूरी

संजू | शिमला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें रोजगार, कृषि और प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कैबिनेट फैसलों की जानकारी दी। सरकार ने विभिन्न विभागों में लगभग 1500 नए पद सृजित करने को मंजूरी दी है। इनमें 1000 पद पुलिस कांस्टेबल के होंगे, जिनमें 300 पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। वन विभाग में आउटसोर्स आधार पर 500 पद भरने को भी स्वीकृति मिली है, जिनका मासिक वेतन 15,500 रुपये तय किया गया है। लॉ ऑफिसर के 10 पद 30,000 रुपये



वेतनमान पर भरने को मंजूरी दी गई। स्वास्थ्य क्षेत्र में रिटायर्ड मेडिकल प्रोफेसरों को कॉन्ट्रैक्ट आधार पर नियुक्त करने को मंजूरी दी गई, जिनका मासिक वेतन 2.5 लाख रुपये तय किया गया है। कृषि क्षेत्र के लिए बजट भाषण में घोषित फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को मंजूरी दी गई, जिसमें मक्की, गेहूं, धान और हल्दी शामिल हैं। अदरक पर MSP देने के फैसले को भी मंजूरी मिली है, जिसे किसानों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। इसके अलावा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए चार इनोवा गाड़ियों की खरीद को भी स्वीकृति दी गई है। मंत्रालय के अनुसार ये सभी निर्णय रोजगार सृजन, कृषि समर्थन और प्रशासनिक सुधारों को ध्यान में रखकर लिए गए हैं। सरकार का कहना है कि इन फैसलों से प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, किसानों की आय में सुधार होगा और स्वास्थ्य व प्रशासनिक सेवाओं की गुणवत्ता को भी मजबूत किया जाएगा साथ ही विकास तेज होगा आगे बढ़ेगा।

## ऊना में कैफे की किचन में लगी भीषण आग, भारी नुकसान



राकेश | ऊना
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में हमीरपुर रोड पर स्थित एक कैफे की किचन में आज सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग कैफे की किचन से शुरू हुई और देखते ही देखते पूरे किचन क्षेत्र में फैल गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। उस समय कैफे में मौजूद लोगों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सुबह-सुबह आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

काफी प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया।इस हादसे में कैफे की किचन पूरी तरह जलकर राख हो गई है और लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल नुकसान का सही आकलन किया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, जिसकी जांच जारी है।

## हमीरपुर अवैध खनन मामला गरमाया

### भाजपा नेता राजेंद्र राणा ने सरकार पर लगाए द्वेषपूर्ण कार्रवाई के आरोप

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में अवैध खनन मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। इस प्रकरण में स्थानीय विधायक आशीष शर्मा के परिजनों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। इसी क्रम में सुजानपुर के पूर्व विधायक और भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने हमीरपुर थाना पहुंचकर विधायक के चाचा और भाई से मुलाकात की।

थाना परिसर में राणा के साथ बड़ी संख्या में समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, हालांकि पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उन्हें बाहर ही रोक दिया। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में राणा ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोला।राणा ने आरोप लगाया कि राज्य में बदले और द्वेष की राजनीति चरम पर पहुंच चुकी है। उनके अनुसार, सत्ता का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस तंत्र पर



सरकार का दबाव साफ दिखाई दे रहा है और अधिकारी निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर पा रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि विधायक आशीष शर्मा के परिवार के खिलाफ की गई कार्रवाई पूरी तरह से राजनीतिक प्रेरित है। राणा के मुताबिक, यह कदम उन लोगों को डराने के लिए उठाया गया है जो सरकार के खिलाफ आवाज उठाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करते हुए प्रदेश में तानाशाही जैसा माहौल बनाया जा रहा है। विधानसभा में उठाए गए सवालों से सरकार असहज हो गई है, जिसके चलते इस प्रकार की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया।

राणा ने चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुद्दा भी उठाया। उनका दावा है कि चुनाव के दौरान सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल कर कुछ महिला मंडलों को आर्थिक सहायता दी गई, जो नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने अंत में कहा कि प्रदेश की जनता इस तरह की राजनीति से परेशान हो चुकी है और बदलाव चाहती है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की कार्रवाई जारी रही तो भाजपा सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।

## शिमला में चिट्टा तस्करी केस में कार्रवाई

समर न्यूज़ | शिमला

जिला शिमला के थाना जुब्बल में दर्ज चिट्टा तस्करी के मामले में पुलिस को एक और अहम सफलता हाथ लगी है। मामले की गहन जांच के दौरान पुलिस ने बैकवर्ड लिंकेज स्थापित करते हुए तरुण ठाकुर (33 वर्ष) नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, तरुण ठाकुर जिला सिरमौर की तहसील राजगढ़ के गांव चोगटाली का रहने वाला है और वर्तमान में रोहड़ू स्थित एक बैंक शाखा में लोन मैनेजर/फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत था। जांच में सामने आया है कि वह लंबे समय से चिट्टा (हेरोइन) की अवैध खरीद-फरोख्त में सक्रिय भूमिका निभा रहा था।जांच एजेंसियों ने खुलासा किया कि आरोपी का सीधा संपर्क पंजाब के अमृतसर निवासी मुख्य सप्लायर लुकास उर्फ लकी से था। दोनों के बीच नशे के कारोबार को लेकर नियमित संपर्क बना हुआ था। पुलिस ने डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर यह भी पाया कि इनके बीच ऑनलाइन माध्यम से पैसों का लेन-देन होता था।

## करसोग से जुड़े दो युवक नशा तस्करी में गिरफ्तार



समर न्यूज़ | हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। ताजा मामले में जिला मंडी के करसोग क्षेत्र से जुड़े दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है, जो हमीरपुर में नशे की सप्लाई से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि करसोग से पिछले कुछ समय से लगातार नशे की खेप हमीरपुर पहुंच रही थी। इस इनपुट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 182 ग्राम चरस के साथ पकड़ा।पूछताछ के दौरान मामले में एक और युवक का नाम सामने आया, जिसे करसोग से हिरासत में लेकर हमीरपुर लाया गया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जा रहा है।एसपी के अनुसार, रिमांड के दौरान कई अहम सुराग मिले हैं और आने वाले समय में इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि हमीरपुर पुलिस नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पिछले साल जिले में 119 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि इस वर्ष मार्च तक 41 मामले सामने आ चुके हैं।

## बह्रा यूनिवर्सिटी में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आगाज

समर न्यूज़ | सोलन

बह्रा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा आयोजित 5वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता (16 से 18 अप्रैल 2026) का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ विधिवेत्ता अविनाश राय खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चांसलर गुरविंदर सिंह बह्रा ने की।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अविनाश राय खन्ना ने विधि के छात्रों को वकालत के मूल सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एक सफल वकील वही होता है जो मेहनत, गहन अध्ययन और प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से न्याय दिलाने की क्षमता रखता है। उनके अनुसार, वकालत केवल पेशा नहीं बल्कि न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है, जहां वकील अदालत और समाज के बीच एक



सेतु का कार्य करता है।उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कई बार समान तथ्यों और कानून के बावजूद अलग-अलग वकील अपने तर्क और प्रस्तुति के आधार पर अलग परिणाम प्राप्त करते हैं। इसीलिए उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि केस की गहराई, तथ्यों की समझ और तार्किक प्रस्तुति पर विशेष ध्यान दें। खन्ना ने अपने शुरुआती करियर के अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और तैयारी ही सफलता दिलाती है। उन्होंने बताया कि कैसे एक कमजोर प्रतीत होने वाले मामले को उन्होंने गहन अध्ययन और सही रणनीति के आधार पर जीता। उन्होंने छात्रों को हर केस को चुनौती के रूप में लेने और पूरी तैयारी के साथ अदालत में प्रस्तुत होने की प्रेरणा दी।

**भरोसा** गेहूं, मक्का और हल्दी के दाम बढ़ने से बढ़ा भरोसा, युवा भी खेती की ओर आकर्षित

## प्राकृतिक खेती में MSP बढ़ने से किसानों में उत्साह

राकेश | ऊना
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती अब धीरे-धीरे किसानों की पहली पसंद बनती जा रही है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के बजट में प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में की गई बढ़ोतरी ने किसानों का भरोसा और मजबूत किया है। मुख्यमंत्री के इस फैसले को ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

सरकार ने प्राकृतिक तरीके से उगाए गए गेहूं का एमएसपी 60 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया है। इसी तरह मक्का का समर्थन मूल्य 40 से बढ़ाकर 50 रुपये और हल्दी का 90 से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया है। इस फैसले से किसानों को उनकी उपज



का बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद जगी है, जिससे वे प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए और अधिक प्रेरित हो रहे हैं। जिला ऊना के किसानों में इस निर्णय को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। किसानों का मानना है कि जब सरकार उनकी फसल का उचित मूल्य सुनिश्चित करती है, तो खेती के प्रति उनका रुझान भी बढ़ता है। ऊना ब्लॉक के मलाहत गांव के प्रगतिशील किसान केवल चंद ने सरकार के इस फैसले को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह कदम न केवल किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि युवाओं को भी खेती की ओर आकर्षित करेगा। वहीं, घालूवाल गांव के किसान कुलवंत सिंह, जो पिछले कई वर्षों से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं, ने भी इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि वे गेहूं, मक्का, चना, मसूर और प्याज जैसी फसलों का उत्पादन प्राकृतिक पद्धति से कर रहे हैं। उनके अनुसार, इस खेती पद्धति से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और उत्पादन भी बेहतर हुआ है।

कुलवंत सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से वे न केवल अपनी आय बढ़ा रहे हैं, बल्कि लोगों को रसायनमुक्त और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पाद भी उपलब्ध करवा रहे हैं। उनका मानना है कि सरकार द्वारा एमएसपी में की गई यह बढ़ोतरी एक ऐतिहासिक कदम है, जो प्रदेश में रसायनमुक्त खेती को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा।

किसानों का यह भी कहना है कि इस तरह के निर्णय कृषि क्षेत्र को स्थायी और मजबूत दिशा देने में सहायक होंगे। साथ ही, इससे अधिक से अधिक किसान और युवा प्राकृतिक खेती से जुड़ेंगे, जिससे आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा।

## धर्मशाला में श्रमिकों का प्रदर्शन

राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज़

धर्मशाला में शुक्रवार को जिला भर से आए श्रमिकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कचेहरी अड्डा पर एकत्रित हुए मजदूरों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनके क्लेम सेटल नहीं किए गए, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर के राज्य महासचिव रविंद्र सिंह के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में श्रमिकों ने सरकार पर लगातार अनदेखी का आरोप लगाया। निर्माण कामगारों के विभिन्न क्लेम पिछले लंबे समय से लंबित पड़े हैं और उन्हें बार-बार तकनीकी आपत्तियों के नाम पर रोका जा रहा है।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से निर्माण कामगारों को मिलने वाली सहायता राशि नहीं दी गई है।

# मंदिर की जोत से सावित्री टावर के फ्लैट में लगी आग

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़

स्थानीय वीआईपी रोड स्थित सावित्री टावर की पांचवीं मंजिल पर बने एक फ्लैट में आग लगने के कारण लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जानकारी अनुसार यह हादसा फ्लैट नंबर 522 में हुआ, जहां संदीप ग्रोवर अपने परिवार समेत रहते हैं। बताया जा रहा है कि संदीप ग्रोवर शाम समय घर के मंदिर में जोत जला कर किसी काम के लिए नीचे चले गए थे। कुछ ही समय बाद फ्लैट से धुआं और आग की लपटें निकलती देख हड़कंप मच गया।

आग तेजी से फैल गई और फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुंचने तक फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य घरेलू सामान को भारी नुकसान पहुंच चुका था।

दमकल विभाग की टीम ने करीब 45 मिनट की मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण मंदिर में जल



फ्लैट में लगी आग की तस्वीर।
- समर न्यूज़

रही जोत माना जा रहा है। शुरुआती जांच के मुताबिक इस अग्निकांड में लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि घरों में जोत या दीए बिना निगरानी के न छोड़े जाएं ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

# चंडीगढ़ में बड़ी वारदात से पहले आरोपी गिरफ्तार, देसी पिस्टल व कारतूस बरामद

## मलोया थाना पुलिस की सतर्कता से टली घटना, पुरानी रंजिश में वारदात की थी तैयारी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ में एक संभावित बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले मलोया थाना पुलिस ने एक आरोपी को देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लाल रंग के बैग में हथियार छिपाकर घूम रहा था और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन पुलिस की तत्परता से उसे समय रहते काबू कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान डड्डूमाजरा कॉलोनी निवासी सुमित उर्फ डांगर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, वीरवार देर शाम एएसआई मंगत सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक हथियार लेकर डड्डूमाजरा इलाके




में किसी वारदात की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही एएसआई मंगत सिंह अपनी टीम—कांस्टेबल अंकित और कांस्टेबल राहुल के साथ मौके पर पहुंचे और इलाके में पेट्रोलिंग शुरू की।

पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक नजर आया, जिसके हाथ में लाल बैग था और वह घबराहट में बार-बार पीछे मुड़कर देख रहा था। शक के आधार पर पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी वहां से भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर आरोपी के बैग से एक लोडेड देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने तुरंत हथियार कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी का पहले से ही आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और उसके खिलाफ मारपीट, धमकी, तोड़फोड़ और हत्या के प्रयास जैसे कई मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पुरानी रंजिश के चलते किसी को निशाना बनाने की तैयारी में था।

फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी किसे निशाना बनाना चाहता था।

# स्कूल में आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला का भव्य उद्घाटन



समर न्यूज़ | मोहाली

पी.एम. सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लालड़ू में आज विद्यार्थियों को वैज्ञानिक शोध और प्रयोगों से जोड़ने के उद्देश्य से एक नई और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित इंटीग्रेटेड विज्ञान प्रयोगशाला का भव्य उद्घाटन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मार्केट कमेटी डेराबस्सी के चेयरमैन सरदार कुलदीप सिंह और सरदार सतवंत सिंह गोरखा उपस्थित रहे। उन्होंने रिबन काटकर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सुनीता रानी और समूचे स्टाफ ने मुख्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्य और विद्यार्थियों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने पंजाब सरकार के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिलेंगे।

नई प्रयोगशाला के माध्यम से छात्रों को प्रायोगिक ज्ञान मिलेगा, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी और वे भविष्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ सकेंगे।

# भगत ने 'रंगला पंजाब' विकास ग्रांटों की प्रगति की समीक्षा की


समर न्यूज़ | मोहाली

ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर में 'रंगला पंजाब' मिशन के तहत लगभग 8.47 करोड़ रुपये की लागत से 174 विकास कार्य प्रगति पर हैं। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दी। इस अवसर पर पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन श्री परमिंदर सिंह गोल्डी तथा जिला योजना समिति की चेयरपर्सन इंजीनियर प्रभजोत कौर भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किए जाएं।

# धमकी से घबराया था, अभद्र शब्द निकल गए: मासूम

शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़

हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा ने हाल ही में मिली गैंगस्टर धमकी का खुलासा करते हुए कहा कि अमेरिका में उनके भाई को फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई थी। धमकी देने वाले ने कहा था कि "मासूम का 20-25 करोड़ का बीमा करवा लो, वह देहरादून से वापस नहीं जाएगा।" इस घटना से उनका परिवार काफी घबरा गया था। मासूम शर्मा ने बताया कि उस समय वह बेहद गुस्से में थे और एक कार्यक्रम के दौरान उनके मुंह से अभद्र शब्द निकल गए, जिसके लिए उन्होंने माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि वह महिलाओं का सम्मान करते हैं और महिला



आयोग को अपना जवाब भेज चुके हैं। व्यस्तता के चलते वह आयोग के सामने पेश नहीं हो पाएंगे। इसी दौरान पत्रकारों के सवालों पर मासूम शर्मा भड़क गए और जवाब देने के बजाय बहस में उलझ गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें संयम बरतने की सलाह दी। पूरा मामला अब चर्चा में है और उनके बयान को लेकर विवाद बना हुआ है।

# रयात बाहरा में करिअर कॉन्फ्रेंस

समर न्यूज़ | मोहाली

जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो द्वारा रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के सहयोग से एक सफल करियर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों, सरकारी परीक्षाओं की तैयारी, रोजगार के अवसरों की जानकारी देने तथा उन्हें अपने भविष्य की बेहतर योजना बनाने के लिए प्रेरित करना था। डिप्टी डायरेक्टर रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण, हरप्रीत सिंह मानशाहियां ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भाग लिया और विद्यार्थियों को सरकारी व निजी नौकरियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, रिज्यूमे मेकिंग, इंटरव्यू गाइडेंस तथा स्वरोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# जनगणना: चंडीगढ़ में डीजीपी ने ऑनलाइन स्वयं-गणना कर नागरिकों से की भागीदारी की अपील

शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़

जनगणना 2027 में जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए यूटी चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक डॉ. सागर प्रीत हुड्डा ने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं-गणना प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की।

इस प्रक्रिया को जनगणना संचालन निदेशालय की निदेशक डॉ. नवजोत खोसा और एसडीएम (सेंट्रल) खुशप्रीत कौर की मौजूदगी में सुगम बनाया गया। डीजीपी हुड्डा ने इस डिजिटल प्लेटफॉर्म को सरल, सुलभ और सुरक्षित बताते हुए कहा कि स्वयं-गणना जैसी पहलें प्रक्रिया को आसान बनाने के साथ-साथ आंकड़ों की



सटीकता और पारदर्शिता भी बढ़ाती हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों और आम जनता से इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय पर और सटीक डेटा नीति-निर्माण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और सुशासन के लिए बेहद जरूरी है।

जनगणना 2027 में 'सेल्फ-एन्यूमरेशन' प्रमुख विशेषता है, जिससे नागरिक घर बैठे अपनी सामाजिक-आर्थिक जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी नागरिकों से इस पहल में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

# पीजीआई में न्यूरोलॉजी न्यूरोसर्जरी ओपीडी नए सेंटर में होंगी शिफ्ट

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पीजीआईएमईआर ने न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी ओपीडी को नए स्थान पर शिफ्ट करने का बड़ा फैसला लिया है। संस्थान के अनुसार, 20 अप्रैल 2026 से ये सेवाएं एडवांस्ड न्यूरोसाइंस सेंटर के लेवल-2 (एसबीआई बैंक और गोल मार्केट के पास) में संचालित होंगी। हालांकि न्यूरोसर्जरी ट्रॉमा ओपीडी पहले की तरह ही अपनी जगह पर जारी रहेगी। इस बदलाव को लागू करने के लिए 18 अप्रैल 2026 की दोपहर के बाद न्यू ओपीडी ब्लॉक में इन सेवाओं को बंद कर दिया जाएगा। पीजीआई प्रशासन का कहना है कि यह कदम मरीजों को बेहतर और एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में उठाया गया है।

# मई में हो सकते है नगर परिषद चुनाव

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़

गर्मियों की शुरुआत के साथ ही पंजाब का राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है और आने वाले महीने मई में यह और भी चरम पर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। पंजाब राज्य चुनाव आयोग के संकेतों के मुताबिक 16 या 17 मई को राज्य के 9 नगर निगमों के साथ-साथ जीरकपुर नगर परिषद और 104 नगर परिषदों/नगर पंचायतों के लिए चुनाव कराए जा सकते हैं।

चुनाव प्रक्रिया के अनुसार 5 मई को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी, इसके बाद राज्य चुनाव आयोग जीरकपुर सहित इन स्थानीय निकायों के चुनाव की औपचारिक घोषणा कर सकता है। जीरकपुर नगर परिषद की पांच-साल की मियाद हाल ही में समाप्त हो चुकी है और यहां प्रशासन की ओर से एसडीएम को प्रशासक के रूप में नियुक्त किया गया है।

पंजाब सरकार ने नगर परिषद चुनावों के लिए वार्डों का आरक्षण भी तय कर दिया है। जीरकपुर के 31 वार्डों में से वार्ड नंबर 15 को अनुसूचित जाति लिए आरक्षित घोषित किया गया है, जबकि वार्ड नंबर 24 और 28 को अनुसूचित जाति महिला के लिए रिजर्व रखा गया है। वार्ड नंबर 17 को पिछड़ा वर्ग (बैकवर्ड क्लास) के लिए आरक्षित बनाया गया है।

इसके अलावा वार्ड नंबर 2, 4, 6, 8, 10, 12, 14, 16, 18, 20, 22, 26 और 30 महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, जबकि शेष वार्ड सामान्य श्रेणी के लिए निर्धारित किए गए हैं। अगर 2021 के चुनावों पर नजर डाली जाए तो कांग्रेस पार्टी ने 24 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था, जबकि शिरोमणि अकाली दल को 8 सीटें मिली थीं और उदयवीर सिंह ढिल्लों को नगर परिषद का प्रधान चुना गया था।

पर 2022 के विधान सभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के कुलजीत सिंह रंधावा ने रिकॉर्ड वोटों के साथ जीत दर्ज कर हलके की राजनीतिक दिशा बदल दी।

इसके बाद जुलाई 2024 में कांग्रेस और अकाली दल के 21 पार्षदों ने प्रधान ढिल्लों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया, जो पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय तक पहुंचा और 11 नवंबर 2025 को अदालत ने अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करते हुए ढिल्लों को राहत दे दी।

जीरकपुर के राजनीतिक इतिहास को देखा जाए तो अक्सर सत्तारूढ़ पार्टी का ही नगर परिषद पर कब्जा रहा है। इस बार के चुनावों को 2027 के विधान सभा चुनावों का एक तरह का सेमीफाइनल माना जा रहा है और इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने जीरकपुर सहित अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है।

# मास्टर प्लान: जमीन उपयोग और बिल्डिंग नियमों में राहत

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ में करीब एक दशक बाद शहरी योजना में बड़ा बदलाव सामने आया है। प्रशासन ने मास्टर प्लान-2031 में व्यापक संशोधनों को अंतिम रूप दे दिया है, जिनमें जमीन के उपयोग, बिल्डिंग नियमों और विकास नियंत्रण से जुड़े कई अहम फैसले शामिल हैं। इन प्रस्तावों को मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव सेक्टर-43 सिटी सेंटर में मिक्स्ड लैंड यूज की अनुमति है, जिससे रिहायशी, व्यावसायिक और अन्य गतिविधियां एक साथ संचालित की जा सकेंगी। वहीं आईटी पार्क में 700 फ्लैट्स के पुराने प्रस्ताव को खत्म कर अब करीब 400 रिहायशी प्लॉट विकसित करने की योजना बनाई गई है। यह बदलाव पर्यावरणीय चिंताओं और माइग्रेटरी बर्ड पाथ को ध्यान में रखते हुए किया गया है। मनीमाजरा में नगर निगम की जमीन पर अधिकतम 5 मंजिल तक निर्माण की अनुमति दी जाएगी और स्टिल्ट पार्किंग अनिवार्य होगी। इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 और 2 में एफएआर को बढ़ाकर 2 करने का प्रस्ताव है, साथ ही ओपन स्पेस नियमों में भी ढील दी जाएगी। लेबर हाउसिंग का क्षेत्र 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत किया जाएगा, जिससे कामगारों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कमर्शियल और शैक्षणिक संस्थानों के लिए भी नियम आसान किए जा रहे हैं, जिससे निवेश और विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह बदलाव 'डिरेगुलेशन 2.0' अभियान के तहत किए जा रहे हैं। ड्राफ्ट को पहले जनता के सुझावों के लिए रखा जाएगा, जिसके बाद विशेषज्ञों की समीक्षा के बाद अंतिम मंजूरी दी जाएगी।

# एंग्लो-इंडियन फूड फेस्टिवल में ब्रिटिश और भारतीय पकवानों के अनूठे मेल का अनुभव

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़

शहर के वेलवेट क्लार्क्स एक्सोटिका के इल्यूजन आउटलेट में आज से 27 अप्रैल तक 11 दिनों का एंग्लो-इंडियन फूड फेस्टिवल शुरू हो गया है। यह फेस्टिवल हर रोज शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा, जिसमें मेहमानों को ब्रिटिश और भारतीय पकवानों के अनूठे मेल का अनुभव करवाया जा रहा है। फेस्टिवल के दौरान एंग्लो-इंडियन खाने की समृद्ध विरासत को उजागर किया जा रहा है, जो उपनिवेशिक दौर में विकसित हुई थी। मेन्यू में मुलिगटावनी सूप, रेलवे मटन कटलेट और रेलवे वेज कटलेट जैसे पारंपरिक व्यंजन शामिल हैं, जो पुरानी रेल यात्राओं की याद ताजा करते हैं। मुख्य भोजन में नॉन-वेज बॉल करी विद येलो राइस, चिकन




होटल वेलवेट क्लार्क्स एक्सोटिका में लगे एंग्लो-इंडियन फूड फेस्टिवल के बारे में जानकारी देते अधिकारी।
- समर न्यूज़

करी, चिकन स्टू, वेज जल्फ्रेजी और वेज कोलकाता बिरयानी जैसे खास व्यंजन परोसे जा रहे हैं। इसके अलावा शिमला इवनिंग स्प्रिट्ज और एंग्लो हर्ब स्प्लैश जैसे मॉकटेल भी मेहमानों के लिए उपलब्ध हैं। मिठाई में कारमेल कस्टर्ड और ब्रेड पुडिंग विद वनीला सॉस जैसे क्लासिक डेजर्ट इस अनुभव को और खास बनाते हैं। आयोजकों के मुताबिक यह फेस्टिवल सिर्फ खाने-पीने तक सीमित नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और कूलिनरी अनुभव भी है, जो परिवारों और फूड प्रेमियों के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है। इस मौके पर शेफ योगेश ने कहा कि एंग्लो-इंडियन खाना इतिहास को प्लेट पर पेश करने जैसा है। होटल के जनरल मैनेजर मनिंदरजीत सिंह सिबल ने शहरवासियों को इस अनूठे फूड फेस्टिवल का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया।

# गुरुद्वारा सिंह शहीदां में कैंसर संबंधी फ्री चेकअप टेस्ट



समर न्यूज़ | मोहाली

धन्न-धन्न अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी के शहीदी स्थल गुरुद्वारा सिंह शहीदां, सोहाना में वर्ल्ड कैंसर केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से कैंसर संबंधी फ्री चेकअप टेस्ट एवं मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 10 बजे किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरजिंदर सिंह तथा सतविंदर सिंह सौढ़ी ने बताया कि कैंप के दौरान महिलाओं के लिए स्तन कैंसर की जांच हेतु मैमोग्राफी टेस्ट, बच्चेदानी की जांच, पैप स्मीयर टेस्ट, पुरुषों के लिए पीएसए टेस्ट, मुंह व गले के कैंसर की जांच तथा पुरुषों की ग्रंथियों (ग्लैंड) की जांच सहित खून के कैंसर की जांच विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि इसके अलावा शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच, हड्डियों की जांच तथा जरूरतमंद मरीजों को सामान्य दवाइयां भी वितरित की गईं। डॉ. मलविंदर कौर चीमा द्वारा कैंसर मरीजों को उचित परामर्श दिया गया।

मुहिम

## बाकरपुर स्कूल में 9.50 लाख की लागत से बने कमरे का उद्घाटन

# शिक्षा क्रांति से बदलता पंजाब: विधायक कुलवंत

समर न्यूज़ | मोहाली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा जनता से किए गए सभी वादे और गारंटियां पूरी की जा रही हैं। यह बात हलका विधायक कुलवंत सिंह ने गांव बाकरपुर स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगभग 9.50 लाख रुपये की लागत से बने नए कमरे के उद्घाटन के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में आई क्रांति के कारण पंजाब के सरकारी स्कूलों की स्थिति और सुविधाओं में बड़ा सुधार हुआ है। अब अभिभावक भी प्राइवेट स्कूलों की बजाय अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाने को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो सरकार की नीतियों पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

विधायक ने बताया कि पंजाब



सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मोहल्ला क्लीनिक खोले गए हैं, जहां लोगों को मुफ्त इलाज, जांच और दवाइयों की सुविधा दी जा रही है। इससे लाखों लोग रोजाना लाभान्वित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए 1000 और 1500 रुपये की आर्थिक सहायता वाली योजनाएं भी शुरू की गई हैं। इसके अलावा स्कूलों में शिक्षकों और अन्य आवश्यक स्टाफ की भर्ती कर शिक्षा प्रणाली को मजबूत किया गया है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि गांव बाकरपुर के इस स्कूल की इमारत को जल्द ही री-डिजाइन कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नई इमारत में बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा स्वयं स्कूलों और कॉलेजों का दौरा कर विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद किया जाता है, जिससे संस्थानों की जरूरतों को तुरंत पूरा किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे रहेंगे।

इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी गिन्नी दुग्गल, प्रिंसिपल सुनीता रानी, डॉ. कुलदीप सिंह (हलका कोऑर्डिनेटर बीसी विंग), सुखविंदर सिंह सुखा सरपंच बाकरपुर, सुरजीत सिंह, अवतार सिंह मौली बैदवान, राजवीर कौर बालक प्रधान, कर्मजीत कुमार बिट्टू सरपंच, अवतार सिंह मटरा, लक्की बाकरपुर और जसपाल सिंह मटोर सहित अन्य उपस्थित थे।

# ब्लॉक समिति के चेयरमैन व उपचेयरपर्सन ने संभाला पद



समर न्यूज़ | डेराबसी

डेराबसी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा की उपस्थिति में ब्लॉक समिति डेराबसी के नवनियुक्त चेयरमैन प्रदीप सचदेवा और वाइस चेयरपर्सन गीता रानी ने पदभार संभाला। इस मौके पर विधायक रंधावा ने दोनों को बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान "रंगला पंजाब" योजना के तहत करीब 50 गांवों को कुल 2.5 करोड़ रुपये की ग्रांट के चेक भी वितरित किए गए। इन फंड्स का उपयोग गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए किया जाएगा, जिसमें सड़कों की मरम्मत, गलियों-नालियों का सुधार, श्मशान घाट, धर्मशालाएं, पार्क, खेल मैदान, स्ट्रीट लाइट और कम्युनिटी सेंटर जैसी सुविधाएं शामिल हैं। विधायक रंधावा ने कहा कि राज्य सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और "रंगला पंजाब" योजना इस दिशा में अहम कदम है।

# श्रेयस अय्यर ने हवा में छलांग लगाकर ऐसा कैच लपका, रोहित और सूर्या रह गए सन्न





एजेंसी | मुंबई

वानखेड़े स्टेडियम पर गुरुवार को ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। श्रेयस अय्यर ने ऐसा कमाल कर दिखाया, जिसे आईपीएल इतिहास के सबसे बेहतरीन फील्डिंग मोमेंट्स में गिना जा रहा है। पंजाब किंग्स के कप्तान ने अपनी शानदार कोशिश से मुंबई के कप्तान पंड्या की पारी का अंत कर दिया। यह घटना 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर हुई, जब मार्को गेंदबाजी कर रहे थे। हार्दिक ने ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर जोरदार शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन उनका शॉट सही तरीके से कनेक्ट नहीं हुआ। गेंद हवा में लॉन्ग ऑन की दिशा में चली गई। लॉन्ग ऑन पर खड़े श्रेयस अय्यर ने यहां कमाल कर दिया। वह अपनी बाईं ओर दौड़े, हवा में उछले और गिरते हुए गेंद को सिर के ऊपर से पकड़ लिया। खास बात यह रही कि संतुलन बिगड़ने के बावजूद उन्होंने जबरदस्त समझदारी दिखाई और हवा में रहते हुए ही गेंद को लॉन्ग ऑफ की ओर फेंक दिया, जहां जेवियर बार्टलेट ने आसान कैच पूरा किया। कॉमेंट्री कर रहे रवि शास्त्री भी इस शानदार प्रयास को देखकर हैरान रह गए। उन्होंने अय्यर की कोर स्ट्रेंथ और बैलेंस की जमकर तारीफ की। यह कैच जितना मुश्किल था, उतना ही शानदार भी। इस कैच के बाद श्रेयस अय्यर ने मुंबई के दर्शकों की ओर इशारा करते हुए अपने कान पर हाथ रखा, जैसे वह पूछ रहे हों कि अब आवाज क्यों बंद हो गई। उनका यह रिएक्शन भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। डगआउट में बैठे सूर्यकुमार यादव इस कैच को देखकर हैरान रह गए, जबकि उनके बगल में बैठे रोहित शर्मा ने भी हाथ ऊपर उठाकर इस प्रयास पर अविश्वास जताया। मैच की बात करें तो हार्दिक का दिन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने सिर्फ 12 गेंदों पर 14 रन बनाए और अहम मौके पर आउट हो गए। हालांकि क्विंटन डी कॉक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 112 रन बनाए, लेकिन मुंबई इंडियंस 200 का आंकड़ा पार नहीं कर सकी और 20 ओवर में 195/6 रन ही बना पाई। इस तरह श्रेयस अय्यर का यह शानदार फील्डिंग मोमेंट मैच का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ, जिसने न सिर्फ मैच का रुख बदला, बल्कि फैंस को भी हैरान कर दिया।

# दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी ने लिया संन्यास

एजेंसी | नई दिल्ली



दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना हुआ है।

तीन बार के यूरोपीय चैंपियन एक्सेलसन ने 'बैडमिंटन यूरोप' से कहा, 'जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया।' उन्होंने कहा, 'दर्द के कारण मैं खेल नहीं पा रहा हूं और अभ्यास भी नहीं कर पा रहा हूं। इस कारण मुझे यह बेहद मुश्किल फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।'

एक्सेलसन 183 सप्ताह तक विश्व में नंबर एक खिलाड़ी रहे हैं और वह इस मामले में तीसरे स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने कहा कि दर्द कम न होने और डॉक्टरों का खेल जारी रखने पर एक और सर्जरी की चेतावनी दिए जाने के बाद आखिर में उन्हें अपने शरीर की बात सुननी पड़ी। मिलनसार स्वभाव का यह खिलाड़ी अपने पूरे करियर में अस्थमा से जूझता रहा है। उन्होंने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार स्वर्ण पदक जीते तथा 2017 और 2022 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया। वह यूरोपीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली डेनमार्क की छह टीमों का भी हिस्सा रहे। उन्होंने कहा, 'मैंने यह फैसला चिकित्सकों से परामर्श करने के बाद लिया है।

उनका कहना है कि मुझे अभी जो दर्द हो रहा है, उसके लिए शायद एक और सर्जरी करवानी पड़े। अगर सर्जरी सफल नहीं रही तो इससे भी गंभीर प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। मेरा शरीर मुझे रुकने का संकेत दे रहा है और मुझे अपने डॉक्टरों की सलाह माननी होगी।'

# कलाई की चोट के चलते बार्सिलोना ओपन से बाहर कार्लोस, फ्रेंच ओपन पर नजर

एजेंसी | चेन्नई



स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को बार्सिलोना ओपन से बड़ा झटका लगा है। कलाई की चोट के चलते उन्हें टूर्नामेंट बीच में ही छोड़ना पड़ा। 22 वर्षीय अल्काराज ने पहले दौर में शानदार जीत दर्ज की थी, लेकिन इसके बाद उनकी चोट गंभीर हो गई, जिसके चलते उन्हें नाम वापस लेना पड़ा।

अल्काराज ने अपने पहले मुकाबले में क्वालिफायर ओटो विरटेनन को सीधे सेटों में हराया था। मैच के दौरान ही उनकी दाहिनी कलाई में दर्द महसूस हुआ, जिसे शुरुआत में सामान्य माना गया, लेकिन बाद में यह समस्या गंभीर रूप ले गई।

अल्काराज को दूसरे दौर में टोमास माखाच के खिलाफ उतरना था, लेकिन गुरुवार को कराए गए मेडिकल टेस्ट के बाद उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का निर्णय लिया। अल्काराज ने कहा, "मैच के दौरान रिटर्न लेते समय कलाई में दर्द हुआ। जांच के बाद पता चला कि चोट उम्मीद से ज्यादा गंभीर है, इसलिए मुझे अपने शरीर की सुननी होगी।" उन्होंने बताया कि वह अब जल्द घर लौटकर अपनी मेडिकल टीम और फिजियो के साथ रिकवरी प्रक्रिया शुरू करेंगे, ताकि आने वाले बड़े टूर्नामेंट्स के लिए खुद को फिट रख सकें। इस बीच इटली के खिलाड़ी यानिक सिनर ने उन्हें पछाड़कर विश्व नंबर-1 का स्थान हासिल कर लिया है। अगर अल्काराज यह टूर्नामेंट जीतते, तो उनके पास दोबारा शीर्ष रैंकिंग पाने का मौका था। अल्काराज की निगाह अब 18 मई से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन पर है। वह इस ग्रैंड स्लैम को लगातार तीसरी बार जीतने के लक्ष्य के साथ वापसी करना चाहते हैं।

# आईपीएल 2026ः पंजाब किंग्स की धमाकेदार जीत

एजेंसी | मुंबई



आईपीएल 2026 का 24वां मुकाबला गुरुवार को मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। जिसमें पंजाब किंग्स ने 7 विकेट से शानदार जीत हासिल की। ये मुकाबला वानखेड़े मैदान पर हुआ। जहां टॉस जीतकर पंजाब किंग्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। इस मुकाबले में पहली बार क्विंटन डिकॉक को प्लेइंग इलेवन में मौका मिला था। और डिकॉक ने इस मौके को भुनाते हुए केवल 53 गेंदों में ही शतक जड़ दिया। उनकी इस पारी के दम पर मुंबई ने 195 रन बनाए थे। लेकिन पंजाब ने 196 रनों का टोटल 17वें ओवर में ही चेज कर लिया। पंजाब की टीम अंक तालिका में टॉप पर आ गई है। पंजाब इस सीजन अबतक एक मैच भी नहीं हारी है। 196 रनों के जवाब में उतरी पंजाब की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। तीसरे ही ओवर में 27 के स्कोर पर प्रियांश आर्य आउट हो गए। इसके बाद कोनली भी 17 रन बनाकर चलते बने। लेकिन इसके बाद श्रेयस अय्यर और प्रभसिमरन सिंह के बीच कमाल की साझेदारी हुई। दोनों के बीच 66 गेंदों में 139 रनों की साझेदारी हुई।

ये साझेदारी तब टूटी जब पंजाब किंग्स को जीत के लिए केवल 12 रनों की दरकार थी और गेंदें 27 बाकी थीं। श्रेयस अय्यर अपना विकेट गंवा बैठे। लेकिन अय्यर ने 35 गेंदों में 66 रन बनाए। अपनी पारी में अय्यर ने 5 चौके और 4 छक्के लगाए। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह ने काम तमाम किया और नाबाद 80 रनों की पारी खेली। प्रभसिमरन सिंह ने अपनी पारी में 11 चौके और 2 छक्के जड़े। जिसके चलते पंजाब ने मुंबई का टोटल 17वें ओवर में ही चेज कर लिया। पहले बैटिंग के लिए उतरी मुंबई के लिए पारी की शुरुआत रेयान रिकेल्टन और क्विंटन डीकॉक ने की। लेकिन तीसरे ही ओवर में अर्शदीप कहर बनकर टूटे और पहले रेयान फिर सूर्या दोनों का विकेट झटक लिया। सूर्यकुमार यादव अपना खाता भी नहीं खोल सके। लेकिन इसके बाद नमन धीर और क्विंटन डिकॉक ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की।दोनों के बीच 68 गेंदों में 122 रनों की साझेदारी हुई। लेकिन 14वें ओवर में नमन धीर अपना विकेट गंवा बैठे। नमन के बल्ले से 51 रन आए। लेकिन इसके बाद डिकॉक नहीं रुके। उन्होंने 53 गेंदों में शतक जड़ा। लेकिन इसी बीच 18वें ओवर में हार्दिक पंड्या अपना विकेट गंवा बैठे। हार्दिक के बल्ले से केवल 14 रन आए। डिकॉक ने नाबाद 112 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के जड़े। जिसके दम पर मुंबई ने 195 रन बनाए। इस जीत के साथ पंजाब की टीम अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है। 5 मैचों में पंजाब के 4 जीते हैं और एक बारिश की वजह से धुल गया था। यानी पंजाब के पास 9 अंक हैं। आरसीबी 5 मैच में 8 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। राजस्थान तीसरे पायदान पर है।

# मुंबई इंडियंस में चोटिल अथर्व की जगह क्रिस भगत की हुई एंट्री

एजेंसी | मुंबई



आईपीएल 2026 में हार की हैट्रिक से जूझ रही मुंबई इंडियंस ने अपनी टीम में बड़ा बदलाव करते हुए चोटिल ऑलराउंडर अथर्व अंकोलेकर की जगह युवा खिलाड़ी क्रिस भगत को टीम में शामिल किया है। मुंबई इंडियंस ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब टीम अपनी गेंदबाजी को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है और टूर्नामेंट में लय हासिल करने की कोशिश में जुटी है। दरअसल, अथर्व अंकोलेकर आईपीएल 2026 शुरू होने से पहले ही चोटिल हो गए थे। रणजी ट्रॉफी के दौरान उनके घुटने में मेनिस्कस टियर हुआ, जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। यही वजह रही कि वह इस पूरे सीजन से बाहर हो गए। अंकोलेकर को इस साल बड़ी उम्मीदों के साथ टीम में शामिल किया गया था, लेकिन चोट ने उनका सपना अधूरा छोड़ दिया।

वह 2019 अंडर-19 एशिया कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी रह चुके हैं। उस टीम का हिस्सा थे जिसमें यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, ध्रुव जुरेल और रवि बिश्नोई जैसे खिलाड़ी शामिल थे। अथर्व की जगह टीम में शामिल किए गए कृष्ण भगत अभी घरेलू क्रिकेट में उभरते हुए ऑलराउंडर माने जा रहे हैं। पंजाब के लिए खेलने वाले इस 21 साल के खिलाड़ी ने अब तक 7 फर्स्ट क्लास और 9 लिस्ट ए मुकाबले खेले हैं। वह दाएं हाथ के मीडियम पेस गेंदबाज हैं और मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने 51 रन की तेज पारी खेलकर ध्यान खींचा था, वहीं एक मुकाबले में 3 विकेट लेकर अपनी गेंदबाजी का भी दम दिखाया था।मुंबई इंडियंस के लिए यह बदलाव सिर्फ मजबूरी नहीं, बल्कि रणनीति का हिस्सा भी माना जा रहा है। इस सीजन टीम की गेंदबाजी लगातार दबाव में रही है। टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं और लंबे समय से विकेट के लिए तरसते नजर आए हैं। ऐसे में कृष्ण भगत की एंट्री को एक 'लो-रिस्क, हाई-रिवॉर्ड' दांव के तौर पर देखा जा रहा है। टीम को उम्मीद होगी कि यह युवा ऑलराउंडर मौके मिलने पर गेंद और बल्ले दोनों से योगदान देकर टीम के संतुलन को मजबूत करेगा और मुंबई इंडियंस को इस मुश्किल दौर से बाहर निकालने में मदद करेगा।

# 70 लाख डॉलर के अनुबंध मामले में फंसे लियोनेल मेस्सी, इवेंट प्रमोटर ने दायर किया मुकदमा

एजेंसी | मियामी



स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी पर मियामी स्थित एक 'इवेंट प्रमोटर' ने मुकदमा दायर किया है, जिसका कहना है कि इस दिग्गज खिलाड़ी ने पिछले साल एक प्रदर्शनी मैच में अनुपस्थित रहकर 70 लाख डॉलर के अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया है। अदालती रिकॉर्ड के अनुसार विड म्यूजिक ग्रुप ने पिछले महीने मियामी-डेड सर्किट कोर्ट में मेस्सी और अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (AFA) के खिलाफ धोखाधड़ी और अनुबंध के उल्लंघन का मुकदमा दायर किया था। मेस्सी और AFA ने इस संबंध में टिप्पणी के लिए भेजे गए सवालों का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। वह मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी और अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए खेलते हैं और प्रशंसक उन्हें खेलते हुए देखने के लिए अक्सर बहुत अधिक कीमत चुकाते हैं। मुकदमे के अनुसार विड ने पिछले साल गर्मियों में अर्जेंटीना के वेनेजुएला और प्यूर्टोरिको के खिलाफ होने वाले मैत्री मैचों के लिए AFA के साथ एक समझौता किया था। विड का दावा है कि मेस्सी को प्रत्येक मैच में कम से कम 30 मिनट खेलना था, बशर्ते कि वह घायल न हों।

# निहाल नें जीता मेनोर्का मास्टर्स रैपिड शतरंज का खिताब

एजेंसी | मेनोर्का




भारतीय शतरंज ग्रैंड मास्टर निहाल सरीन नें पाँचवें मेनोर्का मास्टर्स शतरंज का खिताब अपने नाम कर लिया है , उन्होंने छह खिलाड़ियों के बीच हुए 10 राउंड के दोहरे राउंड रोबिन मुक़ाबले में 6 अंक बनाते हुए पहला स्थान हासिल किया वहीं विश्व चैंपियन 'डी गुकेश अंतिम चार बाज़ियों में 3 हार के चलते 4।5 अंक बनाकर चौंथे स्थान पर रहे। निहाल नें 10 बाज़ियों के दौरान चार बाजियाँ जीती जिसमें उन्होंने गुकेश के ख़िलाफ़ दोनों बाजियाँ जीती जबकि हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट और भारत के पेंटाला हरिकृष्णा के ख़िलाफ़ उन्होंने एक एक बाजी जीती , चार बाजियाँ ड्रा रही जबकि दो बाजियों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। यूक्रेन के रुस्लान पोनोमारियोव और हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट 5।5 अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे , गुकेश ने चौथे राउंड में हरिकृष्णा , छठे राउंड में डोमिंगेज के ख़िलाफ़ जीतकर रफ़्तार पकड़ी थी पर वह उसे बरकरार नहीं रख पाये हालांकि नौवे राउंड में उन्होंने हरिकृष्णा को मात देकर तीसरी जीत दर्ज की थी , गुकेश ने कुछ दिन पहले क्लासिकल शतरंज से थोड़ा ब्रेक लेने का निर्णय लिया था और इस साल के अंत में उन्हें अब उज़्बेकिस्तान के जवोखीर सिंदारोव के ख़िलाफ़ अपने खिताब की रक्षा करने के लिए उतरना है।।

## बेबाक-बोल

गेंदबाज पंत को आउट नहीं कर रहे

# ऋषभ अधिकतर वह खुद आउट हो रहा हैः नवजोत

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि ऋषभ पंत अपनी विकेट खुद ही गंवा रहे हैं जबकि वह इसके लिए गेंदबाजों को मेहनत नहीं करवा रहे और और इसी वजह से मौजूदा आईपीएल सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। मौजूदा सत्र में पंत का प्रदर्शन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है जिसमें कई बार उन्होंने बहुत कम स्कोर बनाए हैं। उन्होंने एकमात्र अच्छी पारी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 68 रन की खेली। सुपर जाइंट्स की टीम इस समय अंक तालिका में सातवें स्थान पर है जिसकी मुख्य वजह उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है। पंत और सुपरजाइंट्स के बारे में बात करते हुए सिद्धू ने कहा, 'उन्हें अपनी कमियों पर काफी गहराई से सोचने की जरूरत है। उनकी समस्याएं बनी हुई हैं, विशेषकर इसलिए क्योंकि उनका शीर्ष क्रम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। वे अपने शुरुआती तीन बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर रहे हैं लेकिन उन्हें इसका कोई फायदा नहीं मिला है। जब आप (एडेन) मारक्रम, (निकोलस) पूरन, (मिचेल) मार्श और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों को देखते हैं तो उनमें जबरदस्त क्षमता नजर आती है लेकिन उनके बीच साझेदारियों की कमी है।' सिद्धू ने कहा, 'शीर्ष क्रम में 50 रन की साझेदारी भी बहुत कम देखने को मिली है। मुझे नहीं लगता कि गेंदबाज ऋषभ को आउट कर रहे हैं बल्कि अधिकतर वह खुद ही आउट हो रहे हैं। उनमें प्रतिभा और क्षमता दोनों हैं और अगर वह खुद को थोड़ा समय दें तो वह अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। फिलहाल उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही संघर्ष करती नजर आ रही हैं।' बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स के खिलाफ 5 विकेट की हार के दौरान पंत सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए थे। पंत लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और पांच मैच में सिर्फ 104 रन बना पाए हैं। उनका औसत 26।00 और स्ट्राइक रेट 122।35 का है। सिद्धू रॉयल चैलेंजर्स के स्टार विराट कोहली की रनों की भूख से काफी प्रभावित हुए जबकि वह लगभग दो दशकों से शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'विराट कोहली अगर अपनी 20 प्रतिशत क्षमता से भी खेले तो भी वह अधिकतर खिलाड़ियों के शत प्रतिशत प्रदर्शन से बेहतर होते हैं। उनका प्रभाव और दबदबा ही कुछ ऐसा है। शारीरिक रूप से पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद उन्होंने जबरदस्त अर्धशतकीय पारी खेली।' सिद्धू ने कहा, 'जिस तरह से उन्होंने मोहम्मद शमी पर दबदबा बनाया वह देखने लायक था।'





3 एकड़ नाड़ भी जली, पीड़ित बोला- मुझे आत्महत्या के लिए मजबूर न करें

# शॉर्ट सर्किट से किसान की 5 एकड़ गेहूं फसल जलकर राख, मुआवजे की मांग तेज

समर न्यूज | समराला





समराला के गांव नीलों खुर्द में बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जिसमें एक गरीब किसान की पकी हुई 5 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसके साथ ही पास के खेत में दूसरे किसान की 3 एकड़ नाड़ भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गई। इस अग्निकांड में किसान कुलविंदर सिंह को करीब साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है, जिससे उसका परिवार गंभीर आर्थिक संकट में फंस गया है। वहीं किसान अमृतपाल सिंह को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार, कुलविंदर सिंह निवासी नीलों कलां ने ठेके पर करीब 5 एकड़ जमीन लेकर गेहूं की फसल बोई थी। शुक्रवार सुबह खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। इससे निकली चिंगारियों ने खड़ी फसल को आग लगा दी। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। पीड़ित किसान ने भावुक होकर बताया कि उसने कड़ी मेहनत से फसल तैयार की थी और अब उसकी सारी उम्मीदें टूट गई हैं। उसने कहा कि उसे जमीन का ठेका और पुराने कर्ज भी चुकाने हैं। किसान ने सरकार और बिजली विभाग से मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि उसे आत्महत्या के लिए मजबूर न किया जाए। घटना के दौरान आसपास के किसानों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवाओं के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। दमकल विभाग को भी सूचना दी गई, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। भारतीय किसान यूनियन (एकता सिद्धूपुर) के नेता सुपिंदर सिंह बग्गा ने घटना को बिजली विभाग की लापरवाही बताया और 100 फीसदी मुआवजे की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द गिर्दावरी कर उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के एसडीओ रमनीक सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में आग का कारण स्पार्किंग माना जा रहा है और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## फिल्लौर में सड़क हादसा, कार-कैंटर भिड़ंत में तीन घायल

शुभम | फिल्लौर
समर न्यूज

फिल्लौर में गोराया हाईवे पर बसंत पेट्रोल पंप के सामने कार और कैंटर की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी देते हुए रोड सेफ्टी फोर्स के इंचार्ज एएसआई सरबजीत सिंह ने बताया कि उन्हें प्रीत पेट्रोल पंप के मालिक का फोन आया, जिसमें हादसे की सूचना दी गई। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि एक कार और कैंटर की टक्कर हुई थी। कार सवार बुध सिंह और शरणजीत सिंह तथा कैंटर चालक हरदीप सिंह, पुत्र अवतार सिंह घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद सिविल अस्पताल फिल्लौर में भर्ती कराया गया, जहां बुध सिंह की हालत गंभीर होने के चलते उसे रेफर कर दिया गया। इस संबंध में फिल्लौर थाने को सूचित कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है। वहीं शरणजीत सिंह ने बताया कि उनकी कार पेट्रोल भरवाने के लिए पंप के सामने खड़ी थी, तभी पीछे से आए कैंटर ने टक्कर मार दी, जिससे हादसा हुआ।

## निगम में बदला सिस्टम, ठेकेदारों को करोड़ों की पेमेंट

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

नगर निगम लुधियाना में वर्षों से चली आ रही 'कमीशन' व्यवस्था में अब बदलाव साफ नजर आने लगा है। ठेकेदारों के मुताबिक, जब से लोकल बॉडी मंत्री संजीव अरोड़ा बने हैं और निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने कार्यभार संभाला है, तब से पेमेंट प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है।

सूत्रों के अनुसार, पहले ठेकेदारों को अपने काम की पेमेंट रिलीज करवाने के लिए 3 से 4 प्रतिशत तक कमीशन देना पड़ता था। इसके साथ ही कई मामलों में राजनीतिक संरक्षण लेना भी मजबूरी बन गया था। यह व्यवस्था पिछले कई सालों से चल रही थी। लेकिन हालात अब बदलते दिख रहे हैं। पिछले महीने की करीब 46 करोड़ रुपये की लंबित बी एंड आर और ओ एंड एम पेमेंट में से लगभग 23 करोड़ रुपये मार्च में जारी किए गए। वहीं अप्रैल महीने में करीब 44 करोड़ रुपये की पेंडिंग पेमेंट में से लगभग 22 करोड़ रुपये ठेकेदारों को दे दिए गए।

सबसे अहम बात यह रही कि इस बार पेमेंट लेने के लिए किसी भी ठेकेदार को न तो कमीशन देना पड़ा और न ही किसी प्रकार का राजनीतिक सहारा लेना पड़ा। ठेकेदारों का कहना है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब बिना दबाव और बिना अतिरिक्त खर्च के भुगतान हुआ है।

इस बदलाव से ठेकेदारों में खुशी का माहौल है। उन्होंने निगम कमिश्नर का आभार जताते हुए कहा कि अब काम करने में भरोसा बढ़ा है और सिस्टम में पारदर्शिता आई है।

वहीं ठेकेदारों ने एक और मांग उठाई है कि नगर निगम की पार्किंग व्यवस्था, जिसे पिछले कई वर्षों से एक ही ठेकेदार चला रहा है, उसके लिए दोबारा टेंडर जारी किए जाएं, ताकि प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता बनी रहे।

## ऑफिस में घुसकर लूट, मालिक का गला घोंटने की कोशिश

समर न्यूज | लुधियाना

लुधियाना के हरचरण नगर गली नंबर-3 में स्थित जीआर क्रिएशन फैक्ट्री के ऑफिस में एक शातिर चोर ने घुसकर लूटपाट की और मालिक की जान लेने की कोशिश की। पीड़ित रविंद्र कुमार (45) गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे ऑफिस में काम कर रहे थे, तभी आरोपी दबे पांव अंदर घुस आया। आरोपी ने गमछे से उनका गला घोंटकर उन्हें बेबस कर दिया और फिर उनका मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद वह बाहर खड़ी एक्टिवा लेकर मौके से फरार हो गया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी को ऑफिस से निकलकर एक्टिवा ले जाते हुए देखा जा सकता है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष है और पुलिस गश्त पर सवाल उठाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कंग अरैया गांव में नाड़ में आग, लाखों का नुकसान

शुभम | फिल्लौर
समर न्यूज

फिल्लौर के नजदीकी गांव कंग अरैया में नाड़ में आग लगने से किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। किसान बलजीत सिंह, ओंकार सिंह और बूटा सिंह ने बताया कि खेतों में कंबाइन से कटाई के दौरान अचानक आग भड़क उठी, हालांकि कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। तेज हवाओं के कारण आग फैलने का खतरा बढ़ गया था, लेकिन समय रहते काबू पा लिया गया। किसानों ने आरोप लगाया कि फायर ब्रिगेड और आसपास के गांवों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। घटना के बाद किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि दिन में तेज हवाओं के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखी जाए, ताकि ऐसे हादसों से बचाव हो सके।

## बेअदबी कानून सख्त करने का फैसला स्वागतयोग्य: एडवोकेट परमवीर

समर न्यूज | लुधियाना



पंथक मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देते हुए भगवंत सिंह मान ने जो वादा संगत से किया था, उसे निभाकर पंथ के प्रति अपनी निष्ठा का प्रमाण दिया है। पंजाब में सांझ और भाईचारे के माहौल को खराब करने के लिए पंजाब विरोधी ताकतों द्वारा बेअदबी जैसे घिनौने अपराध किए गए, उन अपराधियों को सख्त सजा देने के लिए सरकार द्वारा विशेष कानून पास करना संगत के लिए संतोष का कारण बना है।

पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न स्थानों पर बड़ी साजिश के तहत धार्मिक ग्रंथों को निशाना बनाकर संगत की भावनाओं को ठेस पहुंचाने की निंदनीय हरकतें शरारती तत्वों द्वारा की गईं। लेकिन पुराने कानून में कुछ ढील और कानूनी पेचीदगियों के कारण दोषी बचते रहे।

मुख्यमंत्री ने पहले दिन से ही यह संकल्प लिया था कि बेअदबी के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी और ऐसा कानून बनाया जाएगा कि भविष्य में कोई भी इस तरह की हरकत करने की हिम्मत न करे। उसी जिम्मेदारी को निभाते हुए मान सरकार ने ऐतिहासिक बिल पास करके पंजाब का सच्चा सपूत होने का प्रमाण दिया है।

जबकि इससे पहले की सरकारों ने केवल दिखावा करके लोगों की आंखों में धूल झोंकने का काम किया। खुद को पंथक कहने वाले भी झूठी माफियों के जरिए केवल वोटों की राजनीति करते रहे और पंथ को हमेशा नजरअंदाज किया। मान सरकार की इस सख्त कानून की पहल की देश-विदेश में चर्चा हो रही है।

## दसवीं के शानदार परिणामों का जश्न

### स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल, लुधियाना के छात्रों ने रचा इतिहास



लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

लुधियाना के स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में उस समय खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला जब विद्यालय ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाया। इस उपलब्धि ने पूरे स्कूल परिसर को उत्सव के रंग में रंग दिया, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन ने मिलकर सफलता की खुशी साझा की। विद्यालय में तालियों की गूंज, मुस्कान और बधाइयों का सिलसिला लगातार चलता रहा। विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु डिविनिटी हॉल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन श्रीमती अविनाश कौर वालिया ने माथा टेककर परमात्मा का आभार व्यक्त किया। चेयरपर्सन अविनाश कौर वालिया, निदेशक श्री मंदीप वालिया एवं कमलप्रीत, अकादमिक सलाहकार श्रीमती संदीप रैखी, उपनिदेशक श्रीमती सोनिया वर्मा तथा प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की। प्रबंधन ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी आत्मविश्वास और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## निगम में ट्रांसफर कॉलोनियां सुविधाएं अब तक नहीं मिलीं

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लुधियाना वेस्ट उपचुनाव से पहले मेयर, नगर निगम कमिश्नर और इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कुछ कॉलोनियों को इंप्रूवमेंट ट्रस्ट से निकालकर नगर निगम के अधीन लाने की घोषणा की थी। हालांकि, इन कॉलोनियों को निगम में स्थानांतरित किए जाने के बाद भी मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, सीवरेज, सड़कों की सफाई और बिजली की व्यवस्था अब तक सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है। इन कॉलोनियों में ऋषि नगर, शहीद भगत सिंह नगर, राजगुरु नगर और सुखदेव एन्क्लेव प्रमुख रूप से शामिल हैं। धीमान ने बताया कि यहां के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। न तो नियमित सफाई हो रही है और न ही सीवरेज व पानी की सप्लाई ठीक से मिल रही है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के कारण इलाके के लोगों में रोष है। इस मौके पर भाजपा पार्षद सुनील मोदगिल, जिला उपाध्यक्ष मनीष चोपड़ा, मंडल/सर्कल प्रधान आशीष गुप्ता, प्रिंस भंडारी, राजेश टिंका, राजन शर्मा, विकास सूद और राम कुमार मौजूद रहे।



## कीटनाशकों की जांच, फॉगिंग के लिए 3000 लीटर दवा खरीदी



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

नगर निगम लुधियाना की खरीद कमेटी ने शुक्रवार को शहर में फॉगिंग के लिए खरीदे गए कीटनाशकों की गुणवत्ता की जांच की। यह निरीक्षण गिल रोड स्थित जोन-सी कार्यालय में कमेटी के चेयरमैन अमन बग्गा और सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर की अगुवाई में किया गया। इस दौरान पार्षद मनजीत ढिल्लों, जोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह और हेल्थ ऑफिसर डॉ. विपल मल्होत्रा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि शहर में मच्छरों पर नियंत्रण के लिए 3000 लीटर कीटनाशक खरीदे गए हैं, जिनका उपयोग फॉगिंग अभियान में किया जाएगा।

कमेटी के चेयरमैन अमन बग्गा और सीनियर डिप्टी मेयर राकेश प्रशार ने कहा कि मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए पहले से ही तैयारियां की जा रही हैं, ताकि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि खरीद कमेटी आगे भी सामग्री की गुणवत्ता पर नजर बनाए रखेगी, ताकि किसी तरह की लापरवाही न हो।

प्रतिभा | अर्शदीप का सब जूनियर हॉकी इंडिया में चयन

## हॉकी खिलाड़ियों को किताबें व किट वितरित

शुभम | फिल्लौर
समर न्यूज



निकटवर्ती श्री दशमेश कॉन्वेंट हाई स्कूल, अटैची में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हॉकी खिलाड़ियों को मुफ्त किताबें और खेल किट वितरित की गईं। इस अवसर पर स्कूल के एमडी सुखदीप सिंह ने बताया कि संस्थान द्वारा बच्चों को मुफ्त खेल शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है, साथ ही जरूरतमंद छात्रों को किताबें और वर्दी भी दी जा रही है, ताकि वे बेहतर तरीके से अपनी पढ़ाई और खेल दोनों में आगे बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि एकनूर हॉकी अकादमी तेहिंग के सहयोग से छात्र कोच गुरजीत सिंह के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल बलजिंदर कुमार ने गर्व व्यक्त करते हुए बताया कि राउंड ग्लास अकादमी, मोहाली की ओर से खेल रहे स्कूल के छात्र अर्शदीप सिंह का चयन हॉकी इंडिया सब जूनियर टीम के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। प्रिंसिपल ने बताया कि अर्शदीप 19 तारीख से भोपाल में आयोजित होने वाले सब जूनियर हॉकी कैंप में भाग लेगा। उन्होंने कहा कि एनआरआई सहयोग से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं मिल रही हैं। इसके अलावा स्कूल के दो अन्य खिलाड़ी निखल मेहमी और सोहित सिंह का चयन भी राउंड ग्लास अकादमी, मोहाली के लिए हुआ है। स्कूल पिछले चार वर्षों से अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग में टग-ऑफ-वॉर प्रतियोगिताओं में लगातार जिला चैंपियन रहा है। इस अवसर पर रविंदरजीत कौर, संदीप कौर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## जनगणना प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

समर न्यूज | लुधियाना



नगर निगम लुधियाना की प्रधान जनगणना अधिकारी नीरू गुप्ता (आईएएस) और नगर जनगणना अधिकारी विनीत कुमार (पीसीएस) के मार्गदर्शन में 16 अप्रैल 2026 से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम के तहत चार्ज स्तर के कुल 1,200 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के पहले बैच को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण नगर निगम के 24 केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है, जहां फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन ट्रेनर्स को पहले मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, ताकि प्रशिक्षण प्रक्रिया प्रभावी और व्यवस्थित ढंग से पूरी हो सके। चार्ज अधिकारी भी इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और वे व्यक्तिगत रूप से विभिन्न केंद्रों का दौरा कर प्रशिक्षण सत्रों की निगरानी कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) ऐप जैसे डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यह ऐप जनगणना-2027 के पहले चरण में अहम भूमिका निभाएगा। यह अभियान 15 मई से 13 जून 2026 तक चलाया जाएगा। इसके अलावा, नागरिक 30 अप्रैल से 14 मई 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं भी अपनी गणना कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया और अधिक सरल और पारदर्शी बनेगी।

UNITED PRESS CLUB
AVON CYCLES
TITLE SPONSOR
JOURNALIST PREMIER LEAGUE
10 APRIL - 03 MAY
JOURNALIST WELFARE TRUST
POWERED BY DUKE
CO-POWERED BY easyvisa
ASSOCIATES PARTNERS
amy soul | DASMESH Malerkotla, Punjab, India | AW AnsalWealth Real Estate | Home Loans | Insurance | Worldwide Awarded Sexologist Clinic Dr.YOGI's Health Care +91 9212 222 222 | CGC UNIVERSITY MOHALI Shaping Tomorrow, Today | IOL | KG EXPORTS | CREDAI PUNJAB www.credaipunjab.com | Vaidban Since 1992

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 222